दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 04 नवम्बर - 2025 ● वर्ष : 10 अंक : 316 पेज - 08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## एल्डर कमेटी तय करेगी कब होगा बार एसोसिएशन गाजियाबाद का चुनाव

**- वरिष्ठ उपाध्यक्ष को किया गया कार्य मुक्त**

**- बार चुनाव को लेकर शुरू हो गई है कचहरी में हलचल**






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन की चुनाव को लेकर हुई बैठक और उसमें शबनम खान को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किए जाने के मामले में तूल पकड़ा, तो सोमवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसका संचालन सचिव अमित कुमार नेहरा ने किया। बताया गया है कि 1 नवंबर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष शबनम खान कार्यकारी अध्यक्ष घोषित करवा लिया, जो असवैधानिक था, उनको वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से अग्रिम वार्षिक चुनाव तक के लिए हटा दिया गया है। वहीं सर्वसहमति से निर्णय लिया गया है कि उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया है कि सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद व एल्डर कमेटी वार्षिक चुनाव 2025-26 को संपन्न कराने के लिए प्रयास कर रही है। साथ ही चुनाव जल्द से जल्द करवाने के लिए जो भी रास्ता होगा, उसे जल्द से जल्द निकाला जाएगा।

## सोनभद्र पुलिस के इनपुट पर गाजियाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 20 लाख कैश, चार ट्रक कफ सिरप बरामद कई आरोपी गिरफ्तार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोनभद्र पुलिस की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय कफ सिरप तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देशन में क्राइम ब्रांच की स्वॉट टीम ने 20 लाख रुपये कैश, एक क्रेटा कार, चार ट्रक कफ सिरप, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और फर्जी दस्तावेज सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक मुख्य आरोपी की पहचान सौरभ त्यागी के रूप में हुई है। उसके साथ कुल सात सहयोगियों को पकड़ा गया। पुलिस ने छापेमारी के दौरान लगभग 1150 बोरी में भरे प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किए, जिन्हें ट्रकों के जरिए तस्करी कर अन्य राज्यों और देश तक भेजा जा रहा था। कफ सिरप की खेप की कीमत कई करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा थाना नंदग्राम क्षेत्र में कार्रवाई की गई है। इस पूरे मामले पर खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड नजर बनाए हुए हैं।

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क का लिंक बांग्लादेश तक फैला हुआ है। बताया जा रहा है कि बरामद कफ सिरप वही है जिसके सेवन से देश के कई हिस्सों में बच्चों की मौत हुई थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसकी बिक्री पर रोक लगाई थी।

### व्हाट्सऐप नंबर से मिली लीड, दो दिन चला ऑपरेशन

करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस को केवल एक व्हाट्सऐप नंबर के आधार पर यह सुराग मिला। पुलिस कमिश्नर ने एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और क्राइम ब्रांच प्रभारी स्वॉट टीम अनिल राजपूत को मामले की जांच और नेटवर्क को ट्रैक करने का टास्क दिया था। सोनभद्र पुलिस की टीम के साथ मिलकर दो दिनों तक लगातार निगरानी की गई, जिसके बाद ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

### वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में जांच जारी



करंट क्राइम : सूत्रों के अनुसार पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, क्राइम ब्रांच और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है। बरामद दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और कानूनी कार्रवाई तेज की जा रही है। इस मामले में पुलिस मंगलवार को विस्तृत प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है।

## अब महिला पुलिसकर्मी भी संभालेंगी कमिश्नरेट के चौराहों पर ट्रैफिक की कमान

गौरव शशि नारायण

**- वर्तमान में आठ महिला पुलिसकर्मी की गई हैं ट्रैफिक में ट्रेंड**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस का मिशन शक्ति अभियान चल रहा है। तो वहीं महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया जा रहा है। इसी को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 8 महिला पुलिस कर्मियों को ट्रैफिक नियम और ट्रैफिक कंट्रोल से लेकर चालान करने के लिए ट्रेंड किया गया है। सोमवार से इन महिला पुलिस कर्मियों को यातायात माह में कमान सौंप दी गई है। अब महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मी प्रमुख चौराहों के साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाकों और महिला डिग्री कॉलेज और स्कूलों के आसपास ट्रैफिक कंट्रोल करती हुई नजर आएंगी। साथ ही नियम तोड़ने वाली महिला वाहन चालकों को महिला पुलिसकर्मी ही सबक भी सीखने का काम करेंगी।

### अभी और बढ़ाया जाएगा महिला पुलिस कर्मियों का कोटा



करंट क्राइम : ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को कहना है कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले ट्रैफिक के तीन जोन में 8 महिला पुलिस कर्मियों को ट्रैफिक संचालन से लेकर चालान की कार्रवाई करने के लिए ट्रेंड किया गया है। आने वाले दिनों में इस संख्या को बढ़ाकर 30 तक ले जाया जाएगा। साथ ही आने वाले दिनों में महिला पुलिसकर्मियों से कहा जाएगा जो महिला पुलिसकर्मी ट्रैफिक में आना चाहती है, उनको ट्रेनिंग देकर जल्द फील्ड पर उतर जाएगा। बता दें की गाजियाबाद में अभीतक महिला पुलिसकर्मी ट्रैफिक संचालन और चालान वाली कार्रवाई में नजर नहीं आती थी लेकिन इस व्यवस्था के शुरू होते ही जल्द ही इनकी संख्या में इजाफा देखने को मिलेगा।

## अब बिना लोकेशन के घटनास्थल तक पहुंचेंगी यूपी पुलिस की पीआरवी

**- रिस्पांस टाइम और भी होगा बेहतर**

**- लगातार जोड़े जा रहे हैं नए वाहन**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस हाईटेक हो रही है और इसका नतीजा यह है कि अब यूपी पुलिस 112 कंट्रोल रूम से जुड़े पुलिस के वाहन बिना लोकेशन भेजें कॉलर के स्थान पर पहुंचेंगे।

इसके लिए यूपी पुलिस 15 नवंबर से सभी सिस्टम अपग्रेड कर रही। इस व्यवस्था को दुरुस्त करने का फायदा आम जनता को यह मिलेगा कि पुलिस की रिस्पांस टाइम में सुधार होगा। तो वहीं पुलिस के वाहन पीड़ितों के पास समय पर पहुंचेंगे ताकि वारदात के बाद बदमाशों को दबोचा जा सके और त्वरित कार्रवाई हो सके।

### गाजियाबाद पुलिस रिस्पांस टाइम में दो साल से चल रही है अव्वल




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम बनने के बाद से गाजियाबाद पुलिस अमूमन हर माह रिस्पांस टाइम के मामले में प्रदेश में नंबर वन पर रहती है। वहीं अब जब उत्तर प्रदेश में नई व्यवस्था आधुनिकरण स्कीम के तहत लागू की जा रही है, तो गाजियाबाद जैसे मेट्रोपॉलिटन सिटी में पुलिस का रिस्पांस टाइम और बेहतर होने वाला है। वर्तमान में जहां पूरे उत्तर प्रदेश में यूपी-112 के पुलिस व्हीकल का रिस्पांस टाइम न्यूनतम 7 मिनट है। तो गाजियाबाद में यह रिकॉर्ड लगभग तीन साढे मिनट के आसपास का रहता है। जो बीते लगभग 2 वर्षों से अधिक से निरंतर टॉप पर बना हुआ है।

### क्राइम कंट्रोल और जनता में बढ़ेगा विश्वास : सीपी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि यह व्यवस्था जल्द ही लागू होने जा रही है। इसका फायदा यह होगा कि पीड़ितों के पास पुलिस जल्द ही पहुंचेगी। साथ ही इससे क्राइम कंट्रोल करने के साथ ही जनता में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परमिन्दर जांगड़ा बोले- हो सकती है मेरी हत्या



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा की सरकार में भाजपा के नेताओं पर हमलों का दौर जारी है। भाजपा पार्षद शीतल चौधरी ने मधुबन बापूधाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी कार पर किसी ने गोली चलाई है। अभी ये मामला एफआईआर और एफआर के बीच में है। इसी बीच एक और भाजपा नेता ने खुद पर हमले की साजिश का आरोप लगाया है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और वर्तमान में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. परमेन्द्र जांगड़ा ने लोनी बॉर्डर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। परमेन्द्र जांगड़ा ने लोनी बॉर्डर थाने में दर्ज कराई शिकायत में ये भी कहा है कि उन्हें क्षेत्र के कुख्यात अपराधी ने वीडियो बनाकर जान से मारने की धमकी दी है। गम्भीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है और सोशल मीडिया पर भी इसे डाला है। डा. परमेन्द्र जांगड़ा भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं और वे पूर्व में भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं।

पुलिस को दी तहरीर में डा. परमेन्द्र जांगड़ा ने लोनी बॉर्डर थाने के प्रभारी निरीक्षक से कहा है कि कुख्यात अपराधी द्वारा वीडियो बनाकर जान से मारने की धमकी और गम्भीर परिणाम भुगतने का सोशल मीडिया पर वीडियो डाला है। डा. परमेन्द्र जांगड़ा निवासी ए-5, मेन मार्किट पूर्वी जवाहर नगर लोनी बॉडर ने कहा है कि उनके फोन पर एक वीडियो आयी है जो कि निठौरा निवासी एक भाजपा नेता ने भेजी है। जिसमें डा. परमेन्द्र जांगड़ा को अभद्र भाषा में अलग अलग तरीके से धमकी दी गयी है। डा. परमेन्द्र जांगड़ा ने जिस भाजपा नेता का नाम लिया है उन्होंने इस पर कुख्यात अपराधी होने का आरोप लगाया है और कहा है कि उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं।

डा. परमेन्द्र जांगड़ा ने तहरीर में ये आशंका दर्ज कराई है निकट भविष्य में उनकी हत्या भी की जा सकती है। जांगड़ा ने कहा है कि धमकी देने वाला व्यक्ति मुझसे राजनीतिक रंजिश रखता है। डा. परमेन्द्र जांगड़ा ने इस पूरे मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। उनका ये कहना है कि इस व्यक्ति के लोनी के एक बड़े नेता का हाथ है। यह लोनी के एक बड़े नेता का विश्वसनीय माना जाता है।

इस पूरे मामले पर जब दैनिक करंट क्राइम ने उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि वह सहारनपुर मार्ग से गुजर रहे थे। वहां पर एक नाला टूटा हुआ था। इसपर उन्होंने लोगों की मदद के लिए प्रयास किया और नाले की समस्या का वीडियो भी बना लिया। उनका कहना है कि इसी के बाद से उन्हें धमकी दी गयी है। पार्षद मामले के बाद अब ये दूसरा मामला सामने आया है जिसमें ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परमेन्द्र जांगड़ा को धमकी दी गयी है।

## गाजियाबाद नगर निगम ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज में दौड़ में शामिल, 1 मिलियन डॉलर अनुदान के लिए आवेदन पूर्ण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम ने अंतरराष्ट्रीय ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 में अपनी दावेदारी को मजबूत करते हुए 1 मिलियन डॉलर अनुदान के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में यह आवेदन ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रॉपी, न्यूयॉर्क के पोर्टल पर सबमिट किया गया। गौरतलब है कि पूर्व चरण में गाजियाबाद और विशाखापट्टनम को विश्व के टॉप 50 शहरों में जगह मिली थी।

इसी क्रम में गाजियाबाद को गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के प्रोजेक्ट के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ था। इस प्रोजेक्ट को अब और तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट को मिलेगी इंटरनेशनल पहचान

करंट क्राइम : नगर निगम के अनुसार, प्राकृतिक पेंट का उपयोग प्रथम चरण में 50 सरकारी स्कूलों में किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा इस पेंट की मार्केटिंग भी की जा रही है तथा दीपावली और स्वदेशी मेलों में इसका स्टॉल लगाकर उत्पाद को प्रदर्शित किया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि प्रोजेक्ट की संपूर्ण रिपोर्ट सबमिट कर दी गई है और विश्व के टॉप 25 शहरों में शामिल होने पर गाजियाबाद को 10 करोड़ रुपये (1 मिलियन डॉलर) का लाभ मिल सकता है। निर्णय वर्ष 2026 में आएगा। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त ने आशा जताई कि यह अभिनव परियोजना न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगी बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगी।

## थार से पुलिस की कार्रवाई का 'वार', एडीसीपी ट्रैफिक बोले 0006 नंबर की है गाड़ी

**-लगा ही होगा इसमें हूटर, जब किया चेक तो बात पर लगी मोहर**

**- गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन में किए 3400 वाहनों के चालान**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में यातायात सुरक्षा माह की कमान डीसीपी ट्रैफिक और एडीसीपी ट्रैफिक चौराहे पर उतरकर संभाल रहे हैं। इस दौरान जो भी जैड ब्लैक गाड़ी नजर आई पुलिस अधिकारियों ने उनपर कार्रवाई की। इस दौरान 0006 नंबर की फॉर्च्यूनर गाड़ी की एडीसीपी ने जांच की, तो इसमें हूटर लगा मिला, जिसके बाद उसका चालान किया गया। तो वहीं एक किसान संगठन की ब्लैक जैड थार पर आर्टिफिशियल लाइटें और काली फिल्म चढ़े होने पर कार्रवाई की गई। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने अभियान के दौरान 3400 वाहनों पर एक्शन लिया गया है।









### जाति सूचक शब्द से लेकर काली फिल्म वाले आए रडार पर

करंट क्राइम : गाजियाबाद में सोमवार को गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट के कुल 1452 वाहनों के चालान किए। तो बिना सीट बेल्ट के 173 वाहनों के मोबाइल प्रयोग करते हुए 34 वाहनों के रॉन्ग साइड आने पर 368 वाहन, तीन सवारी बैठाए कुल 148, काली फिल्म लगाकर भौकाल जमाने वाले 91 वाहनों के चालान हुए। तो बिना बीमा के कुल 18, वायु प्रदूषण फैलाने वाले 95, बिना लाइसेंस के 37, हूटर, सायरन और प्रेशर होने वाले 97 वाहनों का चालान किया गया है। तो जाति सूचक शब्द और अन्य स्टाइलिश नंबर प्लेट लगाने के मामले में 136 वाहनों के चालान के साथ 519 लोगों पर नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने को लेकर गाजियाबाद पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है।

### किसी ने बताया सर हेलमेट डिक्की में रखा है, तो किसी ने बताया हमला हुआ था इसलिए शीशा है जैड ब्लैक

करंट क्राइम : सोमवार को ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने दलबल के साथ हापुड़ चुंगी चौराहे पर अभियान चलाया। इस दौरान एक कॉलेज की छात्रा को महिला ट्रैफिक कांस्टेबल ने रोका, तो उसने कहा कि हेलमेट तो है लेकिन वह डिग्गी में रखा है। तो एक जैड ब्लैक कार सवार को रोका तो उसने बताया कि कुछ लोग उसका पीछा करते हैं इसलिए उसने गाड़ी के शीशे जैड ब्लैक कर लिए हैं। इसके साथ ही दोपहिया वाहनों पर चार लोगों को बैठ कर ले जा रहे ए्र शिख्स का भी पुलिस ने चालान किया।

तो वकील से लेकर पुलिसकर्मी और बिना हेलमेट और नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों लोग पुलिस के इस अभियान के दौरान निशाने पर आए हैं। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद का कहना है कि आने वाले दिनों में पुलिस कर्मियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जाएगा।





# बिहार विधानसभा चुनाव : चढ़ने लगा सियासी पारा

## 'इंडी गठबंधन तीन बंदरों की जोड़ी' दरभंगा में बोले यूपी के सीएम योगी




**दरभंगा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के दरभंगा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को राम द्रोही बताया और कहा कि जो मां जानकी का विरोधी है, वह हमारा भी विरोधी है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण का उल्लेख किया और कहा कि जब रामलला विराजमान होंगे, तब मिथिला में मां जानकी भी विराजमान होंगी।

सीएम योगी ने कहा कि सीतामढ़ी में मां जानकी का भी मंदिर बन रहा है। अब दोनों को जोड़ने के लिए राम जानकी मार्ग के निर्माण का काम भी युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। उन्होंने मखाना बोर्ड के गठन से लेकर लाख की चूड़ियों को पहचान दिलाने तक, सड़क से लेकर वायु और जलमार्ग तक, एनडीए सरकार के प्रयास गिनाए और कहा कि डबल इंजन की सरकार होती है, तो ऐसे ही विकास की बहार होती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या से संदेश लेकर मां जानकी की धरती पर आया हूं। डबल इंजन सरकार योजनाओं का लाभ हर तबके को दे रही है।

**डबल इंजन सरकार योजनाओं का लाभ हर तबके को दे रही है**

उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर भी जमकर हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस वाले हिंदू द्रोही हैं, रामद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि आपने गांधी जी के तीन बंदरों के बारे में सुना होगा। आज इंडी गठबंधन के तीन बंदर आ गए- पप्पू, टप्पू और अप्पू के नाम पर। यह गठबंधन तीन बंदर की जोड़ी है।

सीएम योगी ने कहा कि पप्पू सच बोल नहीं सकता। टप्पू सच देख नहीं सकता। अप्पू सच सुन नहीं सकता। ये इंडी गठबंधन के तीन बंदरों की जोड़ी बिहार में खानदानी माफिया को अपना शागिर्द बनाकर सुरक्षा में सेंध लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरजेडी की सरकार के समय बिहार के अंदर 70 से अधिक नरसंहार की घटनाएं हुई थीं। सीएम योगी ने कहा कि ये जाति को जाति से लड़ाते थे। कट्टा-बंदूक लेकर बिहार की व्यवस्था को धूमिल करने का काम किया था।

सीएम योगी ने कहा कि अब यहां कोई दंगा, नरसंहार, अराजकता नहीं है। हमारी मिथिला भी चंगा है। विकास के पथ पर आगे बढ़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ये धरती इतनी महत्वपूर्ण है। सीएम योगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने राम के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करके हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ किया था कि राम हैं ही नहीं।

## '56 इंच की छाती वाले डरपोक', गरजे राहुल



**पटना :** बिहार में आज दिनभर चुनावी सरगरमी बनी रही। एक ओर जहां नरेंद्र मोदी ने जनसभा के बाद पटना में रोड शो किया वहीं राहुल गांधी ने महागठबंधन के लिए बेगूसराय और खगड़िया में प्रचार किया और मछुआरों के साथ तालाब में मछली पकड़ी। इससे पहले उन्होंने पीएम पर जोरदार हमला बोला। एक तरफ जहां उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया वहीं सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसा।

'56 इंच वाला डरपोक' : राहुल गांधी जब बेगूसराय में कांग्रेस प्रत्याशी अमिती भूषण के लिए वोट मांगने आए थे, उस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज किया और कहा कि 56 इंच वाला असल में डरपोक है। उन्होंने आगे कहा कि वो वोट के लिए डांस भी कर सकते हैं।

**'56 इंच वाला असल में डरपोक है। वो वोट के लिए डांस भी कर सकते हैं'**

कांग्रेस ने अपने ट्विटर हेंडल से एक ट्वीट भी किया जिसमें कहा गया कि ये जरूरी नहीं कि जिसका सीना 56 इंच का हो वही मजबूत हो। महात्मा गांधी का सीना 56 इंच वाला नहीं था लेकिन उन्होंने सुपरपावर अंग्रेजों से बहादुरी के साथ लड़ाई लड़ी।

'कैसी होगी महागठबंधन की सरकार राहुल ने बताया' : वहीं राहुल गांधी ने मछुआरों के बीच ये बी बताया कि बिहार में अगर महागठबंधन की सरकार आती है तो उनकी सरकार कैसी होगी। उन्होंने कहा कि "हमारी सरकार में हर वर्ग का नागरिक शामिल होगा। उस सरकार में बिहार की आवाज होगी।"

## लालू यादव और सोनिया गांधी को अपने अपने बेटों की चिंता : अमित शाह




**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए आज अमित शाह ने मुजफ्फरपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजद पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर लालू का बेटा बिहार का मुख्यमंत्री बनता है, तो तीन नए डिपार्टमेंट बनाए जाएंगे - एक किडनैपिंग के लिए, एक जबरन वसूली के लिए, और एक मर्डर के लिए।

अमित शाह ने कहा कि अगर नीतीश-मोदी गठबंधन सत्ता में आता है, तो बाढ़-मुक्त बिहार के लिए एक नया मंत्रालय बनाया जाएगा। हमारी सरकार बिहार को सुरक्षित, विकसित और दशकों से चली आ रही समस्याओं से मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा नीतीश और मोदी की जोड़ी ने सबके लिए काम किया। मोदी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया, तो नीतीश ने 50 प्रतिशत आरक्षण देकर नगरपालिका और पंचायत में प्रतिनिधित्व दिलाई। दोनों ने घर घर बिजली पहुंचाई।

महिलाओं को धुओं से आजादी मिली। हर घर शौचालय बना। एक करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये गए। उन्होंने कहा, राजद के लोग महिलाओं के खाते से 10 हजार रुपये वापस लेने के लिए आयोग के पास गए थे, उन्हें बता दूं कि मोदी और नीतीश के रहते कोई उनके खाते से पैसा वापस नहीं ले सकता। यही नहीं महिलाओं को दो लाख रुपए अलग से दिए जाएंगे। एनडीए के संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि एक करोड़ युवा को नौकरी और रोजगार देने का वादा है। केजी से लेकर पीजी तक निशुल्क पढ़ाई होगी।

गृह मंत्री ने दोहराया कि लालू और सोनिया जी अपने अपने बेटों की चिंता है। लालू बेटे को बिहार का मुख्यमंत्री, तो सोनिया बेटे को देश का प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। दोनों को बता दीजिए जगह खाली नहीं है। मोदी जी प्रधानमंत्री और नीतीश मुख्यमंत्री हैं।

**'किडनैपिंग, रंगदारी और मर्डर...तेजस्वी की सरकार में बनेंगे तीन नए मंत्रालय'**

लालू यादव पर हमला करते हुए भीड़ से पूछा उन्होंने बिहार को क्या दिया है? भीड़ ने जब कहा, कुछ नहीं तो अमित ने ऐसा अन्याय नहीं करो। लालू ने बिहार को बहुत दिया है। चारा घोटाला दिया है। लैंड फार जाब स्कैम दिया है, अलकतरा घोटाला दिया है, बाढ़ घोटाला दिया है, भर्ती घोटाला दिया है। इतना सारा घोटाला दिया है।

दूसरी ओर मोदी और नीतीश पर चार आने के घोटाला का आरोप नहीं है। मोदी ने संविधान से धारा 370 हटाया। आतंकवादी हमले का जवाब दे ऑपरेशन सिंदूर से दिया। देश को सुरक्षित और समृद्ध किया। इसलिये बिहार के विकास और बाढ़ मुक्त बिहार के लिए एनडीए की सरकार बनाइये। आप विधायक या मंत्री नहीं चुन रहे, बिहार को जंगलराज से मुक्त रखने की सरकार चुन रहे।

## कौशांबी पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को मुठभेड़ में दबोचा

### एक के पैर में लगी गोली, कौशांबी चौकी प्रभारी भी रहे शामिल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस-हिंडन जोन के कौशांबी थानाक्षेत्र में सक्रिय लूट और स्नैचिंग गैंग के दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव

गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने तमंचा, कारतूस, चोरी की बाइक और लूट के रुपये बरामद किए हैं। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार की देर शाम वैशाली सेक्टर-2/5 पुलिया पर चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की एक बाइक को रुकने का इशारा किया गया। बाइक सवार पुलिस को चकमा देकर कच्चे रास्ते की ओर भागने लगे, जिस पर पुलिस ने पीछा किया। थोड़ी दूर पर बाइक फिसलकर गिर गई और बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया।

### मेरठ के बदमाश, ट्रांस हिंडन में थे एक्टिव

करंट क्राइम : गिरफ्तार बदमाशों की पहचान हसन उर्फ जावेद उर्फ जाबिर (निवासी सम्भल) और उमर (निवासी मेरठ) के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्त गाजियाबाद और एनसीआर में लूट व स्नैचिंग की कई वारदातों में शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी हाल ही में कौशांबी क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग की घटना और जुलाई में डाबर तिराहे से बाइक चोरी करने में भी शामिल थे। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल और लूट के 2,500 रुपये बरामद किए हैं। दोनों के आपराधिक इतिहास की जांच जारी है।

## पिज्जा रेस्टोरेंट में ओवन फटने से बड़ा हादसा, पिता-पुत्र सहित तीन झुलसे





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर थानाक्षेत्र के प्रताप विहार इलाके में स्थित रॉकर्स पिज्जा रेस्टोरेंट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। रेस्टोरेंट के अंदर अचानक ओवन फट गया, जिसके चलते वहां मौजूद एक व्यक्ति और उसके दो बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए।

घटना के समय भूपेंद्र नामक व्यक्ति अपने दो बच्चों – 11 वर्षीय ध्रुव और 12 वर्षीय शौर्य – के साथ रेस्टोरेंट में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान तेज धमाके के साथ ओवन में विस्फोट हो गया।

धमाका इतना जोरदार था कि रेस्टोरेंट में अफरा-तफरी मच गई। रेस्टोरेंट कर्मचारियों और मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां तीनों का इलाज जारी है। भूपेंद्र की उम्र लगभग 36 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में गैस लीकेज अथवा ओवन की तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। रेस्टोरेंट प्रबंधन और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने कहा है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अयोध्या : संतों को वितरित किया जाने लगा ध्वजारोहण समारोह का निमंत्रण पत्र

**लखनऊ।** प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर निर्माण पूरा होने का संदेश पूरे विश्व को देंगे। ऐसे में अयोध्या के लिए 25 नवंबर का दिन इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। इस दिन विवाह पंचमी के साथ हनुमान जी का दिन मंगलवार भी है। ऐसे शुभ योग में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वज की स्थापना होने जा रही है, जिसका निमंत्रण पत्र भी अब अयोध्या के संत महंतों को दिया जा रहा है। निमंत्रण पत्र में कुछ नियम भी बताए गए हैं। एक गुप्त कोड भी अंकित किया गया है।

निमंत्रण पत्र के अनुसार 25 नवंबर के दिन सभी अतिथियों को रामपथ के बिरला धर्मशाला के सामने रामानंद द्वार से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। प्रातः 8:00 बजे से प्रवेश प्रारंभ होगा, जो 10:00 तक चलेगा। 10:00 बजे प्रवेश द्वार बंद हो जाएगा। अतिथियों से निमंत्रण पत्र के माध्यम से यह भी निवेदन किया गया है कि वह अपने निमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड जरूर लेकर आएं। तपस्वी जी की छावनी में निमंत्रण पत्र जगद्गुरु परमहंस महाराज को पहला निमंत्रण मिला जिसके बाद परमहंस आचार्य ने उत्साह व्यक्त करते हुए ट्रस्ट का आभार जताया है। परमहंस आचार्य ने कहा कि यह अवसर केवल धार्मिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक होगा।

उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से उन्हें ध्वजारोहण कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र डाक के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

## भारतीयों पर मंडरा रहा संक्रामक रोगों का साया, सामने आए चौंकाने वाले आंकड़े



**नई दिल्ली।** पिछले कुछ वर्षों का मेडिकल डेटा उठाकर देखें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। नॉन कम्युनिकेबल डिजीज जैसे कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र पर दबाव तो बढ़ा ही है साथ ही कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां भी विशेषज्ञों की टेंशन बढ़ाती जा रही हैं। विशेषतौर पर भारतीय आबादी में बढ़ते संक्रामक रोगों के खतरे को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। इसी से संबंधित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की हालिया रिपोर्ट काफी चिंता बढ़ाने वाली है। इसमें कहा गया है कि भारत में हर नौ में से एक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की संक्रामक बीमारी का शिकार पाया जा रहा है। ये निश्चित ही गंभीर चिंता वाली बात है। देश में कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों जैसे हेपेटाइटिस ए, इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम, हर्पीज, श्वसन बीमारियों का खतरा देखा जा रहा है जिसको लेकर विशेषज्ञों ने सावधान किया है।

**भारतीय आबादी में बढ़ते संक्रामक रोगों के खतरे को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ गंभीर चिंता व्यक्त की**

**भारत में संक्रामक बीमारियों का खतरा :** भारत में संक्रामक बीमारियों के खतरे को समझने के लिए आईसीएमआर ने 4.5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11.1 प्रतिशत में संक्रमण की पुष्टि हुई। ये लोग एक्यूट या किसी तरह की जानलेवा संक्रामक बीमारी का शिकार थे। जिन पांच रोगाणुओं को सबसे ज्यादा रिपोर्ट किया गया उनमें इन्फ्लूएंजा ए, डेंगू, हेपेटाइटिस ए, नोरोवायरस और हर्पीज प्रमुख हैं।

इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण तीव्र श्वसन संक्रमण, डेंगू वायरस के कारण तीव्र और रक्तस्रावी बुखार, हेपेटाइटिस-ए के कारण पीलिया और लिवर से संबंधित समस्याएं, नोरोवायरस के कारण दस्त रोग और हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस (एचएसवी) के कारण इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

**रिपोर्ट में क्या पता चला? :** आईसीएमआर की रिपोर्ट के अनुसार, संक्रामक रोगों का प्रसार लगातार बढ़ता जा रहा है। ये पहली तिमाही में 10.7 प्रतिशत से बढ़कर 2025 की दूसरी तिमाही में 11.5 प्रतिशत हो गया।

आईसीएमआर के वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी (वीआरडीएल) नेटवर्क के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच 2.28 लाख सैंपलों में से 24,502 (10.7 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए।

अप्रैल से जून 2025 तक 2.26 लाख सैंपल्स में से 26,055 (11.5 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए। इस प्रकार, संक्रमण दर पिछली तिमाही की तुलना में 0.8 प्रतिशत अंक बढ़ गई।

## फिर जहरीली हुई गाजियाबाद की हवा, एक्यूआई पहुंचा 368



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** त्योहारों के बाद दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर प्रदूषण ने विकराल रूप ले लिया है। सोमवार को गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 368 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। शहर में जहरीली धुंध और धूल की मोटी परत छाई रहने से लोगों के लिए सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बिना जरूरत घरों से बाहर न निकलें और बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से एन-95 मास्क पहनें। प्रदूषण का स्तर बढ़ने के साथ ही हवा में मौजूद पीएम 2.5 कण खतरनाक सीमा को पार कर चुके हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसी हवा फेफड़ों पर गहरा असर डालती है और यह बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा अस्थमा और हृदय संबंधी रोगियों के लिए बेहद घातक साबित हो सकती है। विशेषज्ञों ने सुबह-शाम की सैर और पार्कों में कसरत से परहेज करने की सलाह दी है। इसके साथ ही घर के अंदर एयर प्यूरीफायर के उपयोग और भाप लेने जैसी सावधानियां बरतने की अपील की गई है।

### प्रशासन पर सख्त कार्रवाई ना करने का आरोप

करंट क्राइम : हालात बिगड़ने के बावजूद शहर में प्रदूषण नियंत्रण के ठोस इंतजाम नजर नहीं आ रहे। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी प्रशासनिक तैयारी कमजोर है। कार्रवाई कागजों में जरूर दिखती है, लेकिन जमीन पर इंतजाम नदारद हैं, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। सुंधरा निवासी जय कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदूषण से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो गई है। हवा इतनी खराब है कि आंखों में जलन हो रही है। प्रशासन को तुरंत एंटी–स्मॉग गन और पानी का छिड़काव शुरू करना चाहिए। शहरवासियों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

## जयपुर के हरमाड़ा में डंपर ने 50 को रौंदा, 13 की मौत




**जयपुर।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 300 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों को रौंद दिया, जिससे मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर हैं।

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई।

पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर लगभग 300 मीटर तक लोगों और गाड़ियों को रौंदता हुआ आगे बढ़ा, जब तक कि वह एक बड़े डिवाइडर से टकराकर रुका नहीं।

**घटनास्थल पर मचा हाहाकार, स्थानीय लोगों ने बचाव में दिखाई तत्परता :** टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को पास के कांवटिया अस्पताल भेजा गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। मृतकों के शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाया गया है।

**हरमाड़ा पुलिस ने संभाला मोर्चा, ट्रैफिक डायवर्ट कर कराया राहत कार्य :** हादसे की सूचना मिलते ही हरमाड़ा थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने सड़क के दोनों ओर से यातायात को डायवर्ट कर दिया और डंपर को हटाने की कार्रवाई शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कई वाहनों के अंदर लोग फंसे हुए थे, जिन्हें कटिंग मशीनों की मदद से बाहर निकाला गया।

**मौके पर भयावह दृश्य, लोगों ने अपने कपड़ों से ढके शव :** हादसे के बाद सड़कों पर दर्दनाक दृश्य देखने को मिले। कई वाहनों के शीशे टूटे हुए थे और जगह-जगह खून बिखरा पड़ा था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली। मंगलवार 04 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्वकप विजय पर गाजियाबाद की महिला जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

# 'भारत की बेटियों ने रचा नया इतिहास, हर महिला का सिर गर्व से ऊंचा हुआ'




गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा पहली बार विश्वकप जीत हासिल करने पर पूरे देश में खुशी, उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई है। गाजियाबाद की महिला जनप्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक विजय पर महिला क्रिकेटरों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह जीत भारतीय नारी शक्ति की मेहनत, संकल्प और आत्मविश्वास का परिणाम है। नेत्रियों ने कहा कि महिला टीम ने कठिन परिस्थितियों में जिस जज्बे, धैर्य और अनुशासन का परिचय दिया, उसने यह साबित कर दिया है कि आज की भारतीय महिला किसी भी क्षेत्र में विश्वस्तरीय उपलब्धि हासिल करने की क्षमता रखती है। यह जीत हर बेटी के सपनों को नई उड़ान देने वाली है और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्तंभ बनेगी।

### महिलाओं की मेहनत ने रचा इतिहास : मेयर सुनीता दयाल



करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने प्रदर्शन से पूरे देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह विजय महिलाओं की उस मेहनत और आत्मबल का परिणाम है जिसने सीमाओं को तोड़कर इतिहास रचा है। टीम की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक रहेगी।

### यह जीत हर भारतीय का गौरव : पूर्व मेयर आशा शर्मा



करंट क्राइम। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि भारतीय महिला टीम की यह जीत हर भारतीय के गर्व और आत्मसम्मान से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दशार्ती है कि महिलाएँ आज हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं।

### नारी शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन : जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी



करंट क्राइम। ममता त्यागी ने कहा कि महिला टीम ने विश्वकप में जिस साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया है, उसने नारी शक्ति के वास्तविक रूप को सामने लाया है। यह जीत भारत की बेटियों के जज्बे और दृढ़ निश्चय की सशक्त मिसाल है।

### विश्वकप जीत नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा : पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी मावी



करंट क्राइम। लक्ष्मी मावी ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम की यह जीत हर युवा लड़की को यह सिखाती है कि अगर जुनून और मेहनत हो, तो कोई भी सपना असंभव नहीं। यह विजय आने वाली पीढ़ी को अपने लक्ष्यों के लिए दृढ़ता से काम करने की प्रेरणा देगी।

### भारत की बेटियाँ विश्व विजेता : खोड़ा पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा



करंट क्राइम। मोहिनी शर्मा ने कहा कि महिला खिलाड़ियों ने अपने आत्मविश्वास और समर्पण से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत भारतीय नारी के बढ़ते आत्मविश्वास की प्रतीक है।

## 'पहली बार विश्वकप जीत हासिल करने पर पूरे देश में खुशी का माहौल'

### यह जीत हर बेटी की जीत : पूर्व चेयरमैन रीना भाटी



करंट क्राइम। रीना भाटी ने कहा कि महिला टीम की यह विजय देश की हर बेटी के आत्मबल की जीत है। यह सफलता हर उस महिला की पहचान है जो सीमाओं से परे सपने देखने का साहस रखती है।

### टीम भावना और अनुशासन की मिसाल : उपाध्यक्ष रनिता सिंह



करंट क्राइम। रनिता सिंह ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने सामूहिक प्रयास और अनुशासन से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता दिखाती है कि टीम भावना ही हर बड़ी विजय की कुंजी है।

### महिलाओं ने रचा नया इतिहास : भाजपा नेत्री उदिता त्यागी



करंट क्राइम। उदिता त्यागी ने कहा कि भारत की बेटियों ने पूरे विश्व में तिरंगा ऊँचा कर यह सिद्ध किया है कि अब महिला शक्ति किसी भी क्षेत्र में पिछड़ी नहीं। यह विजय आने वाले समय में नारी सशक्तिकरण की नई मिसाल बनेगी।

### हर भारतीय महिला का गर्व : पार्षद शीतल चौधरी



करंट क्राइम। शीतल चौधरी ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम की जीत ने हर भारतीय महिला को नया आत्मविश्वास दिया है। उन्होंने कहा कि बेटियाँ अब हर क्षेत्र में देश का गौरव बन रही हैं।

### बेटियों की जीत, समाज की जीत : पूर्व पार्षद मंजू त्यागी



करंट क्राइम। मंजू त्यागी ने कहा कि यह जीत समाज में महिलाओं की बदलती भूमिका का प्रतीक है। बेटियों की यह सफलता साबित करती है कि जब अवसर और विश्वास मिले, तो महिलाएँ हर क्षेत्र में कमाल कर सकती हैं।

### महिलाओं की मेहनत रंग लाई : पूर्व पार्षद आशा भाटी



करंट क्राइम। आशा भाटी ने कहा कि यह सफलता भारतीय महिला खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत और अनुशासन का फल है। उन्होंने कहा कि बेटियों ने अपने प्रदर्शन से हर भारतीय को गर्वित किया है।

### देश का गौरव बढ़ाने वाली बेटियाँ : भाजपा नेत्री प्रीति चंद्र राय



करंट क्राइम। प्रीति चंद्र राय ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम की इस जीत ने विश्व पटल पर भारत का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कराया है। यह विजय नारी आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता की सर्वोत्तम मिसाल है।

### गर्व और प्रेरणा का क्षण : पार्षद रेखा गोस्वामी



करंट क्राइम। रेखा गोस्वामी ने कहा कि इस जीत ने महिलाओं के आत्मबल को नई ऊँचाइयाँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह विजय हर उस महिला की प्रेरणा है जो अपनी मेहनत से बदलाव लाना चाहती है।

### नारी शक्ति की मिसाल : पूर्व पार्षद मधु भाटी



करंट क्राइम। मधु भाटी ने कहा कि महिला टीम की यह जीत नारी शक्ति के जज्बे और परिश्रम की मिसाल है। उन्होंने कहा कि यह विजय केवल खेल तक सीमित नहीं, बल्कि हर महिला के सपनों की जीत है।

### खेल में नई ऊँचाइयों की ओर कदम : पूर्व पार्षद शिवानी गौरव सोलंकी



करंट क्राइम। शिवानी गौरव सोलंकी ने कहा कि महिला टीम की यह विजय भारतीय खेल जगत के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि अब बेटियाँ हर खेल में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

### हर बेटी के आत्मविश्वास की जीत : पार्षद कुसुम गोयल



करंट क्राइम। कुसुम गोयल ने कहा कि महिला खिलाड़ियों की यह जीत हर बेटी के भीतर छिपे आत्मबल की जीत है। उन्होंने कहा कि यह विजय आने वाले वर्षों तक प्रेरणा देती रहेगी।

### संकल्प और समर्पण की जीत : पार्षद मीना भंडारी



करंट क्राइम। मीना भंडारी ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम की सफलता इस बात का प्रमाण है कि संकल्प और मेहनत से हर मंज़िल हासिल की जा सकती है। यह विजय उनके अथक प्रयासों का नतीजा है।

### देश की बेटियाँ बनीं प्रेरणा : पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा



करंट क्राइम। हेमलता शर्मा ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम की यह विजय हर भारतीय बेटी को यह सिखाती है कि आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है।

### सपनों को हकीकत बनाया : पार्षद ओमवती देवी



करंट क्राइम। ओमवती देवी ने कहा कि महिला टीम ने यह साबित किया है कि बेटियाँ अब सपने देखने के साथ उन्हें साकार करने की ताकत भी रखती हैं। यह जीत मेहनत और आत्मविश्वास की सशक्त मिसाल है।

### नारी युग की नई पहचान : मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता



करंट क्राइम। मंजुला गुप्ता ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह विजय नारी युग की नई पहचान है। यह सफलता दशार्ती है कि बेटियाँ अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता हैं।

### खेल और देशभक्ति का संगम : पार्षद प्रतिमा शर्मा



करंट क्राइम। प्रतिमा शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों ने खेल और देशभक्ति दोनों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत देश के हर नागरिक के लिए गर्व की बात है।

### नारी शक्ति की पहचान : पार्षद प्रीति जैन



करंट क्राइम। प्रीति जैन ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह विजय नारी शक्ति की पहचान है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने समाज में महिलाओं के योगदान को और मजबूत किया है।

### मेहनत और हौसले की मिसाल : पार्षद खुर्शीदा बेगम



करंट क्राइम। खुर्शीदा बेगम ने कहा कि महिला खिलाड़ियों ने दिखाया है कि अगर इच्छाशक्ति दृढ़ हो तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं। यह विजय नारी हौसले की पहचान है।

### महिलाओं की असली शक्ति सामने आई : पार्षद शिल्पा चौधरी



करंट क्राइम। शिल्पा चौधरी ने कहा कि महिला टीम की यह जीत भारतीय महिलाओं की असली ताकत और नेतृत्व क्षमता को दुनिया के सामने लाती है। यह विजय इतिहास में दर्ज हो चुकी है।

### बेटियों ने देश का नाम रोशन किया : कविता भाटी



करंट क्राइम। पार्षद कविता भाटी ने कहा कि महिला खिलाड़ियों ने वर्ल्ड कप जीतकर देश का नाम रोशन किया है और उनकी इस उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है।

# छुट्टी के लिए अब नहीं लगानी होगी पुलिसकर्मियों को लाइन
# कमिश्नरेट में पूरी प्रक्रिया की गई है ऑनलाइन



गाजियाबाद ,करंट क्राइम : पुलिस महकमा जहां हाईटेक हो रहा है, तो वहां नए आदेश और निर्देश भी जारी हो रहे हैं। इसी के तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कमिश्नर जे रविंदर गौड ने उन पुलिसकर्मियों को राहत दी है जो अक्सर छुट्टी के लिए अपने अधिकारियों और चौकी से लेकर थाना प्रभारी और एसीपी से लेकर डीसीपी के कार्यालयों में चक्कर लगाते रहते थे। अब इन

### -पुलिस कर्मियों को होगी सहूलियत, छुट्टी का रहेगा पूरा ऑनलाइन रिकॉर्ड

पुलिसकर्मियों को किसी भी अधिकारी के कार्यालय एवं कक्ष में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वह अपनी आवश्यकता अनुसार छुट्टी ऑनलाइन सबमिट करेंगे, वहीं जिस स्तर के कर्मचारी और अधिकारी के द्वारा छुट्टी दी जानी है, वह एप के जरिए उसको ओके करेगा और अवकाश प्रदान हो जाएगा। वहीं इस प्रक्रिया से सभी पुलिसकर्मियों का छुट्टी का पूरा डाटा ऑनलाइन भी उपलब्ध रहेगा, जिससे अधिकारियों के सामने पारदर्शिता बढ़ेगी।

### कांस्टेबल से लेकर थाना प्रभारी को मिलेगी अब ऑनलाइन छुट्टी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 1 नवंबर से नई व्यवस्था कर दी गई है। जिसके तहत अब पुलिस कर्मियों को अवकाश के लिए अधिकारियों के कार्यालय कक्ष और आवास के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वह सीधे एक पुलिस एप के जरिए अवकाश की डिमांड भेजेंगे, जो स्वीकृत होते ही उन्हें रवानगी करने की अनुमति मिल जाएगी, यानी उनको छुट्टी प्रदान की जाएगी। यह डिजिटल प्रक्रिया न सिर्फ पारदर्शी है, बल्कि यह फास्ट भी रहेगी। साथ ही कई पुलिसकर्मी जो छुट्टी की एप्लीकेशन लाने ले जाने ,रजिस्टर मेंटेन करने का काम करते थे, उनसे अब अन्य महत्वपूर्ण काम लिए जाएंगे।

### पुलिसकर्मियों की छुट्टी का रिकॉर्ड रहेगा ऑनलाइन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों कहना है कि इस प्रक्रिया के लागू होने से अब जिन पुलिस कर्मियों को थाना प्रभारी ,एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा छुट्टी दी जानी है, उनका पूरा रिकॉर्ड रहेगा। साथ ही इससे पुलिस के वरिष्ठ अन्य अधिकारी ऑनलाइन भी चेक कर सकते हैं। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यह व्यवस्था पहली बार की जा रही है। इसके सकारात्मक परिणाम की उम्मीद की जा रही है।

## क्राइम कंट्रोल को लेकर कमिश्नरेट पुलिस की पहल
# लुटेरों, झपटमारों और अपराधियों के पोस्टर लगाकर जनता को किया जा रहा है जागरूक

### - कई इलाकों में थानावार लगाए गए हैं अपराधियों के पोस्टर
### - ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में लगे, अब सिटी की बारी




गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अपराधियों की धर पकड़ के अभियान को सफल बनाने के बाद अब बदमाशों की पहचान जनता से कराने का प्लान बनाया गया है।

पुलिस का मकसद है की झपटमारों, लुटेरों, बदमाश और चेन स्नैचर्स की फोटो के कई स्थानों पर लगाई गई है ताकि यह बदमाश जहां आसपास रहते हैं ,वहां के लोग अलर्ट रहे हैं। साथ ही इनकी पहचान हो सके, अगर यह वारदात करते हुए फरार होते हैं, तो पुलिस को इन्हें दबोचने में सफलता मिलेगी।

साथ ही क्राइम कंट्रोल में भी इसका फायदा देखने को मिलेगा। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल द्वारा थानावार यह अभियान शुरू करवाया गया है।

### 100 से ज्यादा बदमाशों के छपवाए गए हैं पोस्ट



करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने जानकारी दी है कि ट्रांस हिंडन के इंदिरापुरम, खोड़ा, कौशांबी, लिंक रोड, साहिबाबाद ,टीलामोड़ और शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में रहने वाले और इस इलाके में अक्सर वारदात करने वाले लुटेरों, झपटमारों और अपराधियों के फोटो लगाए गए हैं ताकि जनता इनकी पहचान कर सके। उनके बारे में अगर कोई सूचना है, तो वह पुलिस को दे सके। इसका मकसद इनकी पहचान करना ताकि यह वारदात करने से परहेज करें।

### अधिकारियों का मानना है क्राइम कंट्रोल में मिलेगी मदद

करंट क्राइम : इस मामले में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है की डीसीपी द्वारा की गई पहल बेहतर है, इसका परिणाम यह होगा कि क्राइम कंट्रोल में मदद मिलेगी। साथ ही आम जनता बदमाशों को पहचान पाएगी, जिससे वह अलर्ट रहे और वारदातें कम हों।

# मान सिंह के नेतृत्व में गूंजेगा वंदे मातरम का गान
## 50 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में होंगे 150 कार्यक्रम



गाजियाबाद, करंट क्राइम। मतदाता अभियान में जुटी भाजपा एक बार फिर से नये कार्यक्रम के साथ आ रही है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर भाजपा इसे नये जोश और नये अंदाज में लेकर आ रही है। पूरे देश में 150 कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। गाजियाबाद में भाजपा पार्षद अमित त्यागी को इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसिंह गोस्वामी इसकी कमान संभालेंगे। राष्ट्रीय गीत की 150 वीं जयंती पर उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभाओं में ये कार्यक्रम होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयोजक मानसिंह गोस्वामी के नेतृत्व में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का तराना गूंजेगा। भाजपा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर जन जन की भागेदारी के साथ इस कार्यक्रम को लेकर आयेगी। 7 नवम्बर से ये कार्यक्रम शुरू होगा।

### नगर निगम, नगर पालिका में एक हजार लोग गायेंगे एक साथ वंदे मातरम गीत




करंट क्राइम। वंदे मातरम की गूंज नगर निगम से लेकर नगर पालिका, नगर पंचायत में सुनाई देगी। इसके लिए पूरा कार्यक्रम आ गया है। उत्तर प्रदेश के सभी 16 नगर निगमों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम भी शामिल है। गाजियाबाद में 7 नवम्बर को वंदे मातरम कार्यक्रम नगर निगम में आयोजित होया। इसके अलावा सभी नगर पालिका नगर पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। खास बात ये है कि इसके लिए नगर निगम तथा नगर पालिका में एक हजार लोगों का लक्ष्य तय किया गया है। एक हजार लोगों की उपस्थिति रहेगी और सभी लोग सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गान करेंगे। हर नगरनिगम में ये कार्यक्रम आयोजित होगा, सभी विधानसभा में ये कार्यक्रम आयोजित होगा। खास बात ये है कि हर महानगर से एक गीतकार का नाम भाजपा लेकर चलेगी।

## संपादकीय

# भारतीय शिक्षा दर्शन

दिनेश प्रसाद सकलानी भारत ने विश्व को गीता का कर्मयोग, वेद व उपनिषदों की प्रज्ञा जैसी महान दार्शनिक अवधारणाएं और जीवन उपयोगी विचार दिए हैं, जो विश्व कल्याण के लिए आवश्यक हैं। गुरुकुलों, विद्यापीठों में दी जाने वाली शिक्षा का ध्येय था-मनुष्य का सर्वांगीण विकास। शिक्षा सर्वसुलभ थी और आत्मनिर्भर एवं स्वस्थ समाज की आधारशिला भी।

**मैकाले की साजिश** लॉर्ड मैकाले की वर्ष 1835 की शिक्षा नीति ने भारतीय शिक्षा की जड़ों को काटने का प्रयत्न किया। उद्देश्य था भारत में ऐसी पीढ़ी तैयार की जाए जो रक्त और रंग से भारतीय हो परंतु रुचि, विचार और भाषा में अंग्रेज हो। परिणाम सबके सामने है। स्वतंत्रता के बाद शिक्षा नीति को प्रासंगिक बनाने का प्रयास तो हुआ लेकिन जिस क्रांतिकारी परिवर्तन की अपेक्षा थी, वह पूर्ण नहीं हो पाया।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली तो स्पष्ट किया कि विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब भारत का युवा संस्कारित, सक्षम, वैज्ञानिक दृष्टियुक्त और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी होगा। उन्होंने देशवासियों के समक्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है।

**पंचकोशीय दृष्टिकोण** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन का साधन न मानकर जीवन की विद्या के रूप में प्रतिष्ठित किया है। इसमें पंचकोशीय दृष्टिकोण को मूल आधार माना गया है - अन्नमय कोश द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य, प्राणमय कोश द्वारा ऊर्जा और जीवन शक्ति, मनोमय कोश द्वारा मानसिक संतुलन, विज्ञानमय कोश द्वारा तर्कशीलता और आनंदमय कोश द्वारा आत्मिक सुख। इन सभी स्तरों का संतुलित विकास वास्तविक अर्थों में विद्या कहलाती है।

**गांवों का अर्थशास्त्र** इस संदर्भ में महात्मा गांधी और ठाकुरदास बंग के मध्य का संवाद ध्यान में आता है। ठाकुरदास बंग गांधी जी के आश्रम सेवाग्राम के पास ही रहते थे। वह अर्थशास्त्र पढ़ने अमेरिका जाना चाहते थे। प्रवेश और छात्रवृत्ति की भी व्यवस्था हो गई थी। प्रस्थान से पहले वह आशीर्वाद लेने सेवाग्राम में गांधीजी के पास पहुंचे। उन्हें अपना इरादा बताया और उनसे इजाजत मांगी। गांधीजी ने सिर उठाकर बस इतना कहा, 'अर्थशास्त्र पढ़ना है तो अमेरिका मत जाओ, भारत के गांवों में जाओ।' यह सुनकर ठाकुरदास बंग ने विदेश जाने का विचार त्याग गांवों में रहकर किसानों का जीवन समझने तथा राष्ट्र सेवा करने का संकल्प लिया। **संतुलन पर जोर** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2023 के आधार पर निर्मित नई पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय गौरव, ज्ञान और विज्ञान आदि का संतुलित समावेशन किया गया है। इससे विद्यार्थी केवल परीक्षा पास करने वाले ही नहीं, अपितु जीवनोपयोगी ज्ञान अर्जित करने वाले बनेंगे। सामर्थ्य की पहचान की पुस्तकों का जब भारत के 30 करोड़ विद्यार्थी अध्ययन करेंगे तो यह अध्ययन मात्र पठन नहीं होगा, अपितु राष्ट्रसेवा, भारतीय ज्ञान परंपरा, आत्मगौरव, 'स्व' के बोध का भी भाव ग्रहण होगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- किसी भी भारी वस्तु को समुद्र की गहराई में पहुचने में करीब 1 घंटा लगता है।
- घाव को तंग करने वाले कीड़े घाव को जल्दी भरते है और गैंग्रीन और दुसरे इन्फेक्शन को फैलने से रोकते है।
- एक स्वस्थ मनुष्य के शरीर में 6000 मिलियन, मिलियन, मिलियन हीमोग्लोबिन के अणु होते है।
- मानव शरीर में 60,000 मील लंबी खून की धमनियाँ होती है।
- 5 बिलियन वर्षो के बाद सूर्य की उर्जा समाप्त हो जाएगी और वो एक लाल गोला बन कर रह जाएगा। एक इलेक्ट्रिक बाम मछली 650 वोल्ट तक के शॉक का निर्माण कर सकती है।
- क्रिस्चियन बर्नार्ड ने 1967 में पहला हार्ट ट्रांसप्लांट किया था और वो मरीज 18 दिन तक जिवित रहा था।
- अल्फ्रेड नोबेल ने 1866 में डायनामाइट की खोज की।
- बृहस्पति इतना बड़ा ग्रह हैं की यदि शेष सभी ग्रह को आपस में जोड़ दिया जाये तो वह संयुक्त ग्रह भी बृहस्पति से छोटा ही रहेगा।
- 1992 में लंदन के आकार जितना बड़ा बर्फ का गोला से टूट कर अलग हो गया था।

## राशिफल

**मेष:** सफलता निकट होने के बावजूद आपके ऊर्जा स्तर में गिरावट आएगी। सहभागी व्यवसायों और जोड़ तोड़ वाली आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें।

**वृष:** आज आप ऊजार्वान महसूस करेंगे। आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज करियर में एक नया बदलाव देखने को मिलेगा।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में आज आपको अपने बॉस को खुश करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। नए रिश्ते विनाशकारी हो सकते हैं।

**कर्क:** स्वार्थी व्यक्ति से बचने की पूरी कोशिश करें, क्योंकि वह आपको तनाव दे सकता है। आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आप किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इस राशि के भाई-बहन मंदिर में भगवान के दर्शन करने जा सकते हैं।

**कन्या:** आज आपके सभी कष्ट समाप्त होंगे, पारिवारिक जीवन में आपको एक सुनहरा पल मिलेगा। आपके परिवार में खुशियां आएंगी।

**तुला:** आर्थिक सुधार निश्चित है। घर में साफ-सफाई की नितांत आवश्यकता है। हमेशा की तरह इस काम को अगली बार के लिए टालें नहीं और तैयार हो जाएं।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे। थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**धनु:** आज आपके काम कम समय में पूरे होंगे। आपको रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। जल्द ही आपको कोई बड़ी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर:** केवल एक दिन को ध्यान में रखकर जीने की अपनी आदत पर नियंत्रण रखें और मनोरंजन पर ज्यादा समय और पैसा खर्च न करें।

**कुंभ:** आज आपका ध्यान अध्यात्म की ओर अधिक रहेगा। घर में धार्मिक कार्यों का आयोजन हो सकता है।

**मीन:** आज आपको सेहत को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है, जिस काम को करने की आप काफी समय से सोच रहे थे, उसे शुरू कर दें।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## महिला विश्व कप विजेता टीम को सूरत के उद्योगपति का तोहफा

# डायमंड ज्वेलरी और सोलर पैनल देने का ऐलान



**नई दिल्ली।** सूरत के उद्योगपति और राज्यसभा सांसद गोविंद ढोलकिया ने भारतीय महीला खिलाड़ियों के सम्मान में अनोखी पहल की है। ढोलकिया ने विश्व कप विजेता टीम को डायमंड ज्वेलरी और सोलर पैनल उपहार में देने की घोषणा की है। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने रविवार रात डीवाई पाटिल स्टेडियम में इतिहास रच दिया। टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार आईसीसी महिला वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। इस बड़ी जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल देखने को मिला। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकीया ने खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए 51 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की।

### हैंडक्राफ्टेड नेचुरल डायमंड ज्वेलरी करना चाहते हैं भेंट

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत से पहले ढोलकिया ने बीसीसीआई के मानद उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को पत्र लिखकर विजेता टीम को सम्मानित करने की अपनी इच्छा जताई थी। पत्र में उन्होंने कहा कि वे भारतीय टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को उनकी कड़ी मेहनत, प्रतिभा और दृढ़ता के प्रतीक के रूप में हैंडक्राफ्टेड नेचुरल डायमंड ज्वेलरी भेंट करना चाहते हैं।

### खिलाड़ियों के घरों के छत पर सोलर पैनल लगवाने की इच्छा जताई

साथ ही उन्होंने यह भी इच्छा जताई कि वे खिलाड़ियों के घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करवाना चाहते हैं, ताकि उनके शब्दों में जिस रोशनी से उन्होंने राष्ट्र को गौरवान्वित किया है, वह उनके जीवन में भी स्थायी रूप से चमकती रहे। ढोलकिया ने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला क्रिकेटरों ने अपने साहस, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से पहले ही एक अरब भारतीयों का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि यह हार्दिक भाव उनके इस साझा विश्वास को दशार्ता है कि सच्ची सफलता से लोगों और पृथ्वी दोनों का उत्थान होना चाहिए।

### सूरत के उद्योगपति ने खिलाड़ियों के लिए की अनोखी पहल

विजय की खुशी में देश के उद्योगपति भी पीछे नहीं रहें। इस बीच सूरत के उद्योगपति और राज्यसभा सांसद गोविंद ढोलकिया ने खिलाड़ियों के सम्मान में अनोखी पहल की है। ढोलकिया ने विश्व कप विजेता टीम को डायमंड ज्वेलरी और सोलर पैनल उपहार में देने की घोषणा की है। ढोलकिया श्री रामकृष्ण एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस हैं।

## टीसीपीएल का मुनाफा 10.7% बढ़कर 406.5 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2026 की सितंबर तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 17.83 प्रतिशत बढ़कर 4,965.9 करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले इसी तिमाही में 4,214.45 करोड़ रुपये था। सितंबर तिमाही में टीसीपीएल का कुल ब्रांडेड कारोबार 17 प्रतिशत बढ़कर 4,270.9 करोड़ रुपये हो गया।

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने सोमवार को बताया कि सितंबर 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में उसका समेकित शुद्ध मुनाफा 10.7 प्रतिशत बढ़कर 406.51 करोड़ रुपये हो गया। टाटा समूह की एफएमसीजी शाखा टीसीपीएल की नियामक फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने एक साल पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में 367.21 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### परिचालन राजस्व में 17.83% का इजाफा

वित्त वर्ष 2026 की सितंबर तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 17.83 प्रतिशत बढ़कर 4,965.9 करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले इसी तिमाही में 4,214.45 करोड़ रुपये था। सितंबर तिमाही में टीसीपीएल का कुल ब्रांडेड कारोबार 17 प्रतिशत बढ़कर 4,270.9 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 3,771.2 करोड़ रुपये था। टीसीपीएल के ब्रांडेड व्यवसायों में चाय, कॉफी, पानी और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं।

### चाय और नमक के कारोबार में दोहरे अंकों की वृद्धि

टीसीपीएल ने अपने आय विवरण में कहा, ₹भारत के मुख्य व्यवसाय ने चाय और नमक दोनों में दोहरे अंकों की वृद्धि के साथ अपनी लगातार दूसरी तिमाही दर्ज की, टाटा संपन्न ने अपनी मजबूत विकास गति जारी रखी और रेडी-टू-ड्रिंक (आरटीडी) व्यवसाय ने मजबूत मात्रा और मूल्य वृद्धि दर्ज की।₹ सितंबर तिमाही में भारत के पैकेज्ड पेय पदार्थों के कारोबार का राजस्व 12 प्रतिशत बढ़ा।

# कर्मचारी नामांकन योजना 2025



**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने 1 नवंबर 2025 को ईपीएफओ के 73वें स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मचारी नामांकन योजना 2025 की शुरूआत की। इस पहल का उद्देश्य देशभर के अधिकतम कर्मचारियों को औपचारिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के दायरे में लाना और नियोक्ताओं को स्वैच्छिक अनुपालन के लिए प्रोत्साहित करना है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कर्मचारी नामांकन योजना 2025 की शुरूआत की है। यह पहल 1 नवंबर 2025 को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 73वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू की गई। इस योजना का मकसद अधिक से अधिक कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना और स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना है। मंत्रालय के अनुसार, यह कार्यक्रम उन पात्र कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, जो अभी तक औपचारिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली से जुड़े नहीं हैं।

### कर्मचारी नामांकन योजना 2025 के तहत कौन हैं पात्र?

इस योजना के तहत सभी प्रतिष्ठान, चाहे वे वर्तमान में ईपीएफ कवरेज के अंतर्गत आते हों या नहीं, 1 जुलाई 2017 से 31 अक्तूबर 2025 के बीच नियुक्त किसी भी कर्मचारी की घोषणा ईपीएफओ पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

### कर्मचारी नामांकन योजना 2025 क्या है?

कर्मचारी नामांकन योजना 2025 के तहत नियोक्ताओं को यह अवसर दिया गया है कि वे उन पात्र कर्मचारियों को स्वेच्छा से ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) के दायरे में ला सकें, जो 1 जुलाई 2017 से 31 अक्तूबर 2025 के बीच किसी वजह से इस कवरेज से वंचित रह गए थे।

### योजना छह महीने तक लागू रहेगी

ईपीएफओ की ओर से शुरू की गई यह योजना छह महीने की अवधि के लिए प्रभावी रहेगी। यह योजना 1 नवंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी।

### नए पोर्टल का हुआ शुभारंभ

इसके साथ ही श्रम मंत्री ने ईपीएफओ के नए होमपेज का शुभारंभ किया, जिसका डोमेन नाम अब www.epfo.gov.in है। नए पोर्टल को अधिक यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस, बेहतर नेविगेशन और मुख्य सेवाओं व सूचनाओं तक आसान पहुंच के साथ डिजइन किया गया है।

## मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ भारतीय बाजार, सेंसेक्स 40 अंक चढ़ा, निफ्टी 25700 के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 39.78 अंक उछलकर 83,978.49 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 41.25 अंक की बढ़त के साथ 25,763.35 पर बंद हुआ।

भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को सकारात्मक दायरे में बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 39.78 अंक या 0.05 प्रतिशत उछलकर 83,978.49 अंक पर बंद हुआ। इसके 14 शेयरों में तेजी और 16 में गिरावट रही। कारोबार के दौरान इसने 84,127 के उच्चतम और 83,609.54 के निम्नतम स्तर को छुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 41.25 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,763.35 पर आ गया। चुनिंदा वाहन और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से दो दिन से जारी गिरावट थम गई।

रुपये में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 88.75 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो अब तक के सबसे निचले स्तर के करीब है।



विश्लेषकों ने कहा कि नए घरेलू उत्प्रेरक के अभाव और विदेशी फंडों की निकासी के कारण उच्च स्तर पर मुनाफावसूली से बाजार सीमित दायरे में रहा।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में, महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे ज्यादा 1.7 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे ऊपर रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में 1.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक भी प्रमुख लाभ में रहे। वहीं मारुति सुजुकी में सबसे ज्यादा 3.37 प्रतिशत की गिरावट आई। आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और टाइटन के शेयर सबसे ज्यादा गिरे।

### यूरोपीय बाजार में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 64.71 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.14 प्रतिशत गिरकर 64.71 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 6,769.34 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 7,068.44 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 465.75 अंक या 0.55 प्रतिशत गिरकर 83,938.71 पर बंद हुआ।

## अक्तूबर में विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार तेज, घरेलू मांग और नए ऑर्डरों से उत्पादन में आई मजबूती

**नई दिल्ली।** जीएसटी सुधारों से देश के विनिर्माण क्षेत्र ने अक्तूबर में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की है। एसएंडपी ग्लोबल के ताजा आंकड़ों के मुताबिक पीएमआई सितंबर के 57.7 से बढ़कर 59.2 पर पहुंच गया। घरेलू मांग मजबूत रहने के कारण अक्तूबर में विनिर्माण की स्थितियां मजबूत होती रहीं।

देश में विनिर्माण क्षेत्र में अक्तूबर में मजबूत विस्तार देखने को मिला। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार परचेजिंग मैनजर्स इंडेक्स (पीएमआई) सितंबर में 57.7 से बढ़कर 59.2 हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सुधार जीएसटी सुधार जीएसटी सुधार, उत्पादकता लाभ और प्रौद्योगिकी निवेश में वृद्धि से क्षेत्र की स्थिति में तीव्र वृद्धि को दशार्ता है।

क्या कहते हैं आंकड़े पीएमआई के आंकड़े ने इस बात पर जोर दिया है कि घरेलू मांग मजबूत रहने के कारण अक्तूबर में विनिर्माण की स्थितियां मजबूत होती रहीं।

### खरीदारी का स्तर मई 2023 के बाद सबसे तेज गति से बढ़ा

विनिमार्ताओं ने अक्तूबर में कच्चे माल और अर्ध-निर्मित वस्तुओं की खरीदारी तेज कर दी, ताकि उत्पादन बढ़ाया जा सके और भंडार को मजबूत किया जा सके। खरीदारी का स्तर मई 2023 के बाद सबसे तेज गति से बढ़ा है। यह निमार्ताओं के बीच भविष्य की मांग को लेकर भरोसे को दशार्ता है।

### मजबूत मांग के बावजूद क्षमता पर दबाव रहा

मजबूत मांग के बावजूद, क्षमता पर दबाव कम रहा, और बकाया कारोबार की मात्रा में मामूली वृद्धि ही हुई। कंपनियों ने बताया कि बैकलॉग में मामूली वृद्धि का श्रेय उत्पादन में देरी के बजाय मांग में तेजी को दिया गया। आपूर्तिकर्ता काफी हद तक कुशलता से इनपुट भेजने में सक्षम रहे।

## चुटकुले

डॉक्टर : तुम्हें क्या तकलीफ है?
पप्पू : जब भी मैं खाता हूँ, दर्द होता है!
डॉक्टर : तो मत खाओ!
पप्पू : फिर भूख लगती है ना डॉक्टर साहब!

पत्नी : सुनो जी, मैं मोटी लगती हूँ क्या?
पति : नहीं, बिलकुल नहीं!
पत्नी : पक्की बात?
पति : हाँ, बस वजन मशीन झूठ बोल रही है!

टीचर : बेटा, बताओ "Honesty" क्या होती है?
पप्पू : जब पापा कहते हैं पढ़ाई कर रहा हूँ और मोबाइल में गेम खेल रहे होते हैं!

दोस्त : भाई, तेरी बीवी गुस्से में है क्या?
गोलू : हाँ, आज फिर मैं भूल गया था तारीख!
दोस्त : कौन सी?
गोलू : उसके जन्मदिन की नहीं शादी की!

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



## 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में

# भारत पहली बार बना चैंपियन

## द.अफ्रीका को हराया

**पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गई**

**स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष ने 24 गेंद में 34 रन की तूफानी पारी खेली। जेमिमा रॉड्रिग्स 24 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, अमनजोत कौर ने 12 रन बनाए।**





**मुंबई।** भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गई। दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल वोल्वार्ट की 101 रन की पारी बेकार गई। 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में यह भारत का पहला वनडे विश्व कप का खिताब है। पहला महिला वनडे विश्व कप 1973 में खेला गया था।

### भारत की पारी

भारत ने 50 ओवर के खेल के बाद सात विकेट गंवाकर 298 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने 299 रन का लक्ष्य रखा था। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेली।

एक वक्त ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम 350 के स्कोर तक पहुंच जाएगी, लेकिन मध्यक्रम में विकेट गिरने और धीमी बल्लेबाजी से ऐसा नहीं हो सका और भारतीय टीम 300 के करीब ही पहुंच पाई। यह महिला वनडे विश्व कप फाइनल का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा और भारत का विश्व कप फाइनल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा।

इस मामले में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर है। उसने 2022 विश्व कप फाइनल में पांच विकेट पर 356 का स्कोर बनाया था। इसके अलावा स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष ने 24 गेंद में 34 रन की तूफानी पारी खेली। जेमिमा रॉड्रिग्स 24 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, अमनजोत कौर ने 12 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने तीन विकेट लिए। वहीं, मलाबा, डी क्लर्क और क्लो ट्रायोन को एक-एक विकेट मिला।

### दक्षिण अफ्रीका की पारी

299 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। कप्तान एल वोल्वार्ट के अलावा कोई अफ्रीकी बल्लेबाज मैदान पर नहीं टिक सका।

वोल्वार्ट ने 98 गेंद में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 101 रन की पारी खेली। वहीं, ताजमिन ब्रिट्स 23 रन और सुने लूस 25 रन बना सकीं। बॉश खाता नहीं खोल सकीं। मारिजाने कैप चार रन और क्लो ट्रायोन नौ रन बनाकर आउट हुईं।

सिनालो जाफ्ता ने 16 रन की पारी खेली। आखिर में डर्कसेन ने जरूर 35 रन बनाए, जबकि डी क्लर्क ने 18 रन बनाए, लेकिन यह काफी नहीं था। शेफाली वर्मा ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया। उन्होंने दो विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इसके अलावा श्री चरणी ने एक विकेट लिया और कसी हुई गेंदबाजी की। दक्षिण अफ्रीका की पारी 45.3 ओवर में 246 रन पर सिमट गई।

## भारतीय महिला टीम की खिताबी जीत पर गदगद हुईं मिताली राज

### बधाई देते समय भावुक हुईं



**भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया।**

**नवी मुंबई।** भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज वनडे विश्व कप में भारत को मिली खिताबी जीत पर गदगद हो गई हैं। भारत ने रविवार को नवी मुंबई में खेले गए खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने वो उपलब्धि हासिल कर ली, जो अब तक महिला क्रिकेट में भारत के लिए कोई नहीं कर सका था। भारत के लिए ये जीत कितनी महत्वपूर्ण है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि मिताली टीम को बधाई देते वक्त भावुक हो गईं।

**52 साल में पहली बार भारत ने जीता खिताब:** भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे। दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल वोल्वार्ट की 101 रन की पारी बेकार गई। 52 साल के महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में यह भारत का पहला वनडे विश्व कप का खिताब है। पहला महिला वनडे विश्व कप 1973 में खेला गया था।

**दो बार चूके मौका, अब पार की आखिरी बाधा:** भारतीय टीम तीसरी बार खिताबी मुकाबले में पहुंची थी। भारतीय टीम इससे पहले मिताली राज की अगुआई में 2005 और 2017 में विश्व कप के फाइनल में पहुंच चुकी थी। साल 2005 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 98 रन से हराया था, जबकि 2017 में इंग्लैंड ने घरेलू सरजमीं पर रोमांचक फाइनल में भारत पर नौ रन से जीत दर्ज की की थी। भारतीय टीम दो बार खिताब के करीब आकर इससे चूक गई थी, लेकिन अब वह आखिरी बाधा पार करने में सफल रही।

**मिताली बोलीं- इसका वर्षो से इंतजार था:** भारत को मिली खिताबी जीत के बाद मिताली राज ने कहा, मैं बस इन सभी खिलाड़ियों को गले लगाना चाहती हूं।

इन्होंने इस विश्व कप में जिस तरह से वापसी की वो शानदार था। मैं इस जीत पर काफी खुश और भावुक हूं कि आखिरकार भारत विश्व कप जीतने में सफल रहा है।

## हार की हैट्रिक के बाद की थी वापसी, अब अपना पहला विश्व कप खिताब जीता




**भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच में भारत का पलड़ा भारी था और टीम ने इस प्रदर्शन को जारी रखते हुए अपनी ही धरती पर विश्व कप का खिताब जीत लिया।**

**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम ने इतिहास रच दिया है। भारत का रविवार को महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से हुआ। दोनों ही टीमों ने अब तक कभी विश्व कप का खिताब अपने नाम नहीं किया था, लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने इस तिलिस्म को आखिरकार तोड़ दिया। इसी के साथ ही रविवार को महिला क्रिकेट को नया विश्व चैंपियन मिल गया है। दोनों टीमों के लिए यह सफर आसान नहीं रहा, लेकिन भारत के लिए खिताब जीतना काफी खास है क्योंकि एक समय टीम लगातार तीन मैच हार चुकी थी और उसके लिए सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई भी करना मुश्किल हो गया था। अब टीम ने मजबूत वापसी की और चैंपियन बनने में सफल रही।

### लगातार दो जीत के बाद हारे तीन मैच

भारत ने महिला विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत सह मेजबान श्रीलंका को बारिश से बाधित मुकाबले में 59 रनों से हराकर की। इसके बाद उसने अगले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 88 रनों से हराया। लगातार दो जीत के बाद भारतीय अभियान को उस वक्त झटका लगा जब उसने हार की हैट्रिक लगाई और उस वक्त लगा कि कहीं भारत का सफर ग्रुप चरण में ही ना थम जाए। भारतीय टीम का ग्रुप चरण का अगला मैच बांग्लादेश से था, लेकिन बारिश के कारण ये मुकाबला धुल गया।

### ग्रुप चरण में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम

ग्रुप चरण में प्रदर्शन की बात करें तो भारत के लिए मिली-जुली स्थिति रही थी। भारतीय टीम सात मैचों में तीन जीत, तीन हार और एक बेनतीजा मैच के साथ सात अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहते ही सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही थी। भारतीय टीम अपना नाम चैंपियन की सूची में दाखिल करने में भी सफल रही। यह पहली बार है जब भारतीय महिला टीम विश्व चैंपियन बनी है।

### दो बार चूके मौका, अब पार की आखिरी बाधा

एक तरफ जहां दक्षिण अफ्रीका का यह महिला विश्व कप का पहला फाइनल था, वहीं भारतीय टीम तीसरी बार खिताबी मुकाबले में पहुंची थी। भारतीय टीम इससे पहले मिताली राज की अगुआई में 2005 और 2017 में विश्व कप के फाइनल में पहुंच चुकी थी। साल 2005 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 98 रन से हराया था, जबकि 2017 में इंग्लैंड ने घरेलू सरजमीं पर रोमांचक फाइनल में भारत पर नौ रन से जीत दर्ज की की थी।

## गुड मॉर्निंग विश्व चैंपियनः जेमिमा और स्मृति मंधाना ने ट्रॉफी के साथ खिंचाई तस्वीर



**नई दिल्ली।** भारत की बेटियों ने पहला महिला विश्व कप जीत कर देशवासियों को गौरवान्वित किया है। इसके बाद से ही देशभर में जश्न का सिलसिला जारी है, खिताबी मुकाबले के बाद से बधाईंयों का तांता लगा हुआ है। लेकिन विश्व कप में भारत की शेरनियों के जीत का सफर आसान नहीं रहा, लीग मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के सामने हार का स्वाद चखने और ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा।

इसके बाद भारत ने वापसी करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत हासिल की और सेमीफाइनल में जगह बनाई, हालांकि इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ भारत का मैच बारिश के कारण धुल गया। लेकिन इसका असर भारतीय टीम के प्रदर्शन पर बिल्कुल भी नहीं दिखा। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल का भारत को जो प्रदर्शन रहा, वो सभी को दशकों तक याद रहेगा।

**गुड मॉर्निंग विश्व चैंपियन- जेमिमा और स्मृति की सुबह**

विश्व चैंपियन- ये ऐसा शब्द जो हर किसी के नाम के साथ बड़ी आसानी से नहीं जुड़ता है। सांसें रोक देने वाले खिताबी मुकाबले में जैसा प्रदर्शन भारत की बेटियों ने दिखाया, उसके वे हर तरह से इसके हकदार हैं। देर रात महिला विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भारत की शेरनियों की आज सुबह विश्व कप की ट्रॉफी के साथ हुई है। सेमीफाइनल में भारत को जीत दिलाने वाली जेमिमा रॉड्रिक्स और फाइनल मैच में भारत को शानदार शुरूआत दिलाने वाली स्मृति मंधाना ने एक ऐसी ही तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने विश्व कप की ट्रॉफी के साथ तस्वीर खिंचाई है।

**अपने देश में वर्ल्ड कप जीतना, ये सपना जैसा- मंधाना**

खिताबी जीत के बाद भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कहा- मुझे समझ नहीं आ रहा कि कैसे रिएक्ट करूं। सब कुछ अभी भी समझ में नहीं आ रहा। जैसा आपने कहा, मैं मैदान पर ज्यादा इमोशनल नहीं होती, लेकिन हां, ये पल बहुत अविश्वसनीय है। अपने देश में वर्ल्ड कप जीतना, ये सपना जैसा है। मैं अब तक इसे समझ नहीं पा रही हूं। वहीं जब उनसे पूछा गया कि इस जीत का बड़ा मतलब क्या है? तो स्मृति ने कहा- हर वर्ल्ड कप में हम कोशिश करते हैं, लेकिन कई बार दिल टूटा है। फिर भी हम हमेशा मानते हैं कि हमारे ऊपर महिलाओं के क्रिकेट की जिम्मेदारी है। पिछले डेढ़ महीने में लोगों ने जो प्यार और सपोर्ट दिखाया है, वो बताने लायक नहीं है। पिछले 40 दिन बहुत मुश्किल थे, नींद नहीं आती थी, लेकिन आज वर्ल्ड कप जीतने के बाद वो सब थकान, वो सारी मेहनत वसूल लग रही है। पिछला टी20 वर्ल्ड कप हम सबके लिए बहुत कठिन था। लेकिन इस बार हमने अपनी फिटनेस और हर पहलू में सुधार पर ध्यान दिया। असली ताकत इस टीम की यही है कि कोई अपने लिए नहीं, सब एक-दूसरे के लिए खेलते हैं। सबने एक-दूसरे का साथ दिया, अच्छे और बुरे दिनों में भी। हमने एक-दूसरे की कामयाबी का सच्चे दिल से जश्न मनाया। यही हमारी टीम की जादू है।

## वुमन वर्ल्डकप के फाइनल में सुनिधि चौहान ने बांधा समा, इनिंग ब्रेक के दौरान दी जबरदस्त परफॉर्मेंस

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम वनडे वर्ल्डकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के साथ खेल रही है। मैच शुरू होने से पहले सुनिधि चौहान ने टीम के साथ राष्ट्रगान गाया। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हौसला बढ़ा रही हैं। इनिंग ब्रेक के दौरान भी सुनिधि ने डांस और सिंगिंग की जबरदस्त परफॉर्मेंस दी है। सिंगर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पहले भी सिंगिंग परफॉर्मेंस की तैयारियों वाली तस्वीरें साझा की थीं।

पहले सुनिधि चौहान ने टीम इंडिया के साथ मिलकर राष्ट्रगान गाया। स्टेडियम में खड़े होकर लोगों ने भी राष्ट्रगान गाया। सभी जोश से भरे नजर आए। कुछ ही देर में वुमन वर्ल्ड कप का फाइनल मैच शुरू हो गया। फिर इनिंग ब्रेक में सुनिधि ने डांस, सिंगिंग की परफॉर्मेंस दी।

## 'पार्ट-टाइम गेंदबाज को विकेट देना...' वोल्वार्ट ने माना

# शेफाली की बॉलिंग रही टर्निंग पॉइंट

**मुंबई ।** शेफाली ने सून लूस और मारिजाने कैप जैसे दक्षिण अफ्रीका के भरोसेमंद मिडिल ऑर्डर खिलाड़ियों को आउट कर दिया। सात ओवर में उन्होंने 36 रन देकर दो विकेट लिए और बल्ले से भी 78 गेंदों में 87 रनों की धुआंधार पारी खेली। उन्हें ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्ल चुना गया।

नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में हुए महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में भारत ने इतिहास रच दिया। टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। लेकिन इस फाइनल का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट बना- शेफाली वर्मा का अप्रत्याशित गेंदबाजी स्पेल।

**वोल्वार्ट ने क्या कहा?**

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल वोल्वार्ट ने मैच के बाद कहा, 'सच कहूं तो हमने नहीं सोचा था कि शेफाली गेंदबाजी करेंगी। वो फ्रंट ऑफ द हैंड, काफी स्लो गेंदें डाल रही थीं और दो अहम विकेट निकाल गईं। विश्व कप फाइनल में कोई नहीं चाहता कि पार्ट-टाइम बॉलर से विकेट गंवाए, लेकिन उन्होंने दो बड़े विकेट ले लिए, ये काफी निराशाजनक था। उन्होंने काफी अच्छी गेंदबाजी की। यह निराशाजनक था क्योंकि हमने उनके लिए कोई खास योजना नहीं बनाई थी।'

दरअसल, जब दक्षिण अफ्रीका अच्छी स्थिति में नजर आ रही थी, तब हरमनप्रीत कौर ने एक साहसी फैसला लिया। उन्होंने गेंद थमाई शेफाली को, जो अब तक इस विश्व कप में शायद ही कभी गेंदबाजी करती दिखी थीं। और यही गट फीलिंग टीम इंडिया के लिए सोने की साबित हुई।

**हरमनप्रीत का दांव और शेफाली का जवाब**

हरमनप्रीत ने मैच के बाद बताया, 'जब वोल्वार्ट और सून लूस बैटिंग कर रही थीं, वो बहुत अच्छा खेल रही थीं। मैं शेफाली को देख रही थी और लगा कि आज इसका दिन है। मेरे दिल ने कहा कि इसे एक ओवर जरूर देना चाहिए। और वही ओवर मैच बदल गया। जब शेफाली टीम में आई थी, हमने कहा था कि जरूरत पड़ी तो दो-तीन ओवर डालने पड़ेंगे। उसने बोला- मुझे बॉल दो, मैं 10 ओवर डाल दूंगी। उस पॉजिटिव सोच के लिए उसे सलाम।'

शेफाली ने सून लूस और मारिजाने कैप जैसे दक्षिण अफ्रीका के भरोसेमंद मिडिल ऑर्डर खिलाड़ियों को आउट कर दिया। सात ओवर में उन्होंने 36 रन देकर दो विकेट लिए और बल्ले से भी 78 गेंदों में 87 रनों की धुआंधार पारी खेली। उन्हें ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्ल चुना गया।

**'भगवान ने मुझे कुछ अच्छा करने भेजा था'**

मैच के बाद शेफाली ने कहा, 'मैंने शुरू में कहा था कि भगवान ने मुझे कुछ अच्छा करने भेजा है और वो दिख गया। मुझे खुद पर भरोसा था कि अगर मैं शांत रहूं तो कुछ भी कर सकती हूं। स्मृति दीदी और हरमन दीदी ने बहुत सपोर्ट किया।

और जब मैंने बालकनी में सचिन सर को देखा, तो अलग ही जोश आ गया। उनसे बात करना हमेशा मुझे मोटिवेशन देता है।' 21 साल 279 दिन की उम्र में शेफाली वर्मा विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल में ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्ल बनने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं।




## चौथे टी-20 मैच से पहले बाहर हुआ ये ऑस्ट्रेलियाई तूफानी बल्लेबाज, एशेज की तैयारी में जुटे कंगारू

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज से पहले बड़ा बदलाव किया है। दरअसल, एशेज टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए ऑस्ट्रेलिया अपने प्रमुख बल्लेबाजों और गेंदबाजों को रेड बॉल क्रिकेट का अभ्यास और उनके कार्यभार प्रबंधन का ख्याल रख रहा है। बता दें कि भारत के खिलाफ चौथे टी-20 मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपने सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को सीरीज से बाहर कर दिया है।

### घरेलू क्रिकेट खेलेंगे ट्रेविस हेड

ट्रेविस हेड अब 10 नवंबर से तस्मानिया के खिलाफ साउथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते नजर आएंगे। उनके साथ एलेक्स कैरी भी टीम का हिस्सा होंगे। यह हेड का जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के बाद पहला प्रथम श्रेणी (फर्स्ट क्लास) मैच होगा। हाल के दिनों में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का सफर व्हाइट-बॉल क्रिकेट में कुछ खास नहीं रहा। पिछले आठ पारियों में उनका सर्वाधिक स्कोर सिर्फ 31 रन रहा है। इससे पहले उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगस्त में शानदार 142 रन की पारी खेली थी।

### भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से तीसरा खिलाड़ी बाहर

ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम से बाहर होने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एशेज की तैयारी को तरजीह दी है। उनसे पहले जोश हेजलवुड और शॉन एबॉट भी टी20 सीरीज में भारत के खिलाफ खेलने के बाद अपने-अपने राज्य की टीमों के लिए शेफील्ड शील्ड खेलने लौट चुके हैं।

### ट्रेविस हेड ने घरेलू क्रिकेट को दी प्राथमिकता

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं ने फैसला ट्रेविस हेड पर छोड़ा था कि वे टी20 खेलें या घरेलू मैच, और हेड ने लाल गेंद क्रिकेट को प्राथमिकता दी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया की संभावित एशेज टीम के सभी खिलाड़ी अगली शील्ड राउंड में खेलते दिखेंगे।




### टी-20 सीरीज में 1-1 की बराबरी पर भारत-ऑस्ट्रेलिया

पिछले साल की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भी हेड ने शील्ड के शुरूआती मैचों में हिस्सा लिया था और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही पांच मैचों की टी20 सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है। अगले दो मैच 6 नवंबर को कैरारा और 8 नवंबर को ब्रिस्बेन में खेले जाएंगे।

# बिहार चुनाव में एक्टिव मोड में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप

## लगातार एक महीने से जनसंपर्क, नुक्कड़ सभा और जनसभाएं कर रहे





**लखनऊ/बिहार, करंट क्राइम।** बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप पूरी तरह चुनावी मोड में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। पिछले एक महीने से बिहार में डेरा डाले हुए नरेंद्र कश्यप लगातार जनसंपर्क, नुक्कड़ सभा और जनसभाओं के माध्यम से एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में माहौल बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय उपस्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है।




### एनडीए की जीत को लेकर आत्मविश्वास

करंट क्राइम। मधुबन, पिपरा समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय नरेंद्र कश्यप ने कहा कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के विकास मॉडल की जीत तय है और बिहार में एनडीए की रथयात्रा को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने लगातार जनता के बीच जाकर जनसभाएं, नुक्कड़ सभाएं और संवाद कार्यक्रम किए, जिससे कार्यकताओं में जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है।

### मधुबन में जे.पी. नड्डा की जनसभा की तैयारियों का निरीक्षण

करंट क्राइम। बिहार प्रवास के दौरान मधुबन विधानसभा के प्रभारी के रूप में नरेंद्र कश्यप ने 5 नवम्बर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की विशाल जनसभा की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध व सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। नरेंद्र कश्यप ने कहा, हम सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और संकल्प के साथ इस ऐतिहासिक जनसभा को सफल बनाने के लिए तैयार हैं।

### कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिदिन कर रहे हैं बैठकें

करंट क्राइम। नरेंद्र कश्यप प्रतिदिन कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें और रणनीतिक समीक्षा सत्र कर रहे हैं। लगातार फील्ड में सक्रियता, जनसंपर्क और चुनावी रणनीति की कमान संभालते हुए नरेंद्र कश्यप ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बिहार में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश से भी पूरी ताकत लगाई जा रही है। बिहार का राजनीतिक तापमान जैसे-जैसे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे कश्यप की चुनावी भागदौड़ भी सुर्खियों में बनी हुई है।

## गाजियाबाद में चोरों के हौसले बुलंद, शॉप से उड़ाए 12 लाख के सामान

**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** गाजियाबाद में पुलिस की गश्त के बाद भी चोर अपने मकसद में कामयाब हो रहे हैं। ताजा मामला अंबेडकर रोड का है। यहां पेट्रोल पंप के पास की एक शॉप में चोरों ने लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। अंबेडकर रोड पर शांति एंटरप्राइजेस नाम से सैनेटरी और हार्डवेयर की दुकान है। दुकान के मालिक तरुण शर्मा ने बताया कि रविवार की दरम्यानी रात को चोरों ने दुकान में घुसकार करीब 12 लाख के सामान पर हाथ साफ कर दिया।



चोरों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद होगई है। सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि रात करीब पौने एक बजे एक चोर दुकान के अंदर घुसता है। और 12 लाख रुपए के सामान चोरी कर लेता है। एक अन्य चोर दुकान के बाहर खडा रहता है। तरुण शर्मा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य भी है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर रोड काफी बिजी एरिया है। यहां हर वक्त पुलिस की जिप्सी घुमती रहती है। इसके बाद भी चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया।




### देवतुल्य बोला विधायक जी यूपी के सबसे बड़े बीएलओ बन गये हैं

फूल वालों की ये खूबी है कि बेसुरा गाने पर भी भांगड़ा ऐसा करेंगे कि मौहल्ला पूछने बैठ जाये कि हुआ क्या है। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर सरकार के बाबू ने ही कहा कि हमें तो ये समझ नहीं आ रहा कि अब तक ये सरकारी मास्टर क्या काम नहीं कर रहे थे। कहावत तो यही है कि सरकारी स्कूलों के टीचर ना हों तो एक बार को पढ़ाई हो जायेगी मगर जनगणना और इलेक्शन तो नहीं हो सकता। सवाल ये है कि अगर सरकार एसआईआर करा रही है तो अब तक ये बीएलओ और दलों के बीएलए क्या कर रहे थे। कमाल ये है कि कमल वाले इस वाली ड्यूटी को भी कतई दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मान रहे हैं। विधायक जी को जब ये ड्यूटी मिली तो पुराने भाजपाई ने हंसते हुए कहा कि विधायक जी अब बड़े बीएलओ हो गये हैं। वो छोटे बीएलओ को बतायेंगे कि फलानेसिंह मर गये है और उसका नाम वोटर लिस्ट में है। ढिमकी देवी यहां नहीं रहती हैं और उसका नाम भी वोटर लिस्ट से हटाओ। मगर भक्ति में बहुत शक्ति होती है और देवतुल्य ने इसके बाद भी कहा कि आप समझ नहीं रहे हैं हमारे विधायक जी को सरकार ने सम्मान दिया है वो यूपी के सबसे बड़े बीएलओ बन गये हैं।

### सांसद और विधायक जी ने तो पूरी जवानी काटी है अपने पर्सनल प्रेम के साथ

प्रेम एक ऐसा शब्द है जो जीवन में होना चाहिए। प्रेम की वैद्यता पर सवाल खड़ा नहीं होना चाहिए और बात अगर सियासत की है तो गाजियाबाद में अपने अपने पर्सनल प्रेम हैं। मगर सांसद और विधायक जी का प्रेम कुछ अलग ही है। सांसद जी के पास तो प्रेम तब से है जब वो विधायक भी नहीं थे। वो विधायक बने, सरकार में मंत्री बने और अब लोकसभा में सांसद हैं मगर उनका प्रेम कई सालों से उनके साथ ही रहता है। प्रतिनिधि सब काम कर सकते हैं लेकिन सांसद जी का फोन प्रेम ही अटेंड करेंगे। सांसद जी का बरसों पुराना प्रेम है और उन्हें अपने प्रेम पर पूरा भरोसा है। प्रेम केवल सांसद जी के पास नहीं है प्रेम तो विधायक जी के पास भी है। विधायक जी का प्रेम भी तब से है जब विधायक जी सिम्पली नेता थे और प्रेम जवान थे यानी युवा मोर्चा में थे। आज विधायक जी कैबिनेट मंत्री हैं। मगर प्रेम उनकी लिस्ट में तब भी खास थे और आज भी खास हैं। अगर दोनों के प्रेम पर किसी को भी डाउट हो तो पूछ कर देख ले, सारा डाउट एक मिनट में आउट हो जायेगा। क्योंकि दोनों के पास प्रेम है तो है।

### हम समाजवादी हैं और इस सम्मान के तो हम सबके सब पुराने आदि हैं

साईकिल वालों के यहां युवा तुर्क ने मोर्चा खोला और युवा तुर्क का पार्टी से ही वनवास हो गया। वनवास कब तक रहेगा ये हालात पर निर्भर करता है। मगर जब बात समाजवादियों के बीच आई तो पुराने समाजवादी ने ही कहा कि अजी ये तो साईकिल वालों की पुरानी परिपाटी है यहां तो जिसकी भैंस होती है उसी पर लाठी फेरी जाती है। याद दिलाया कि सरकार आई थी और भ्रष्टाचार का खुलासा करने लाईफटाईम समाजवादी नाहर सिंह यादव गये थे। रोजगार वाले अफसर का तो कुछ नहीं बिगड़ा था और नाहर सिंह यादव जैसा वरिष्ठ समाजवादी पार्टी से बाहर हो गया था। हमें तो वो जमाना भी याद है जब आजम खान जैसे धुरंधर को भी समाजवादी पार्टी से निकाल दिया गया था। समाजवादी तो ऐसे सम्मानों के पुराने आदि हैं और एक बात और बता दूं कि समाजवादियों के यहां ये सम्मान किसी ऐरे गैरे को मिलता भी नहीं है। ये सम्मान तो क्रान्तिवीरों के नाम आता है। राजनीति में ये तो एक पड़ाव है वरना ऐसे कितने लोग है जिनका पूरा सियासी कैरियर अध्यक्ष जी.... अध्यक्ष जी कहते हुए, नारे लगाते हुए ऐसे ही गुजर जाता है। यहां तो जो आवाज उठाता है वो बाहर हो जाता है।

# बी.एल.ओ. घर-घर जाकर करेंगे मतदाता से संपर्क : सौरभ भट्ट






**- जनपद के सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बी.एल.ओ. एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) घर-घर जाकर अपने मतदेय स्थल के सभी मतदाताओं से संपर्क करेंगे। इस दौरान वे प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र की दो प्रतियाँ उपलब्ध कराएँगे और उसे भरने में सहायता करेंगे। सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद ने बताया कि इस कार्य हेतु जनपद के सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बी.एल.ओ. एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि यदि गणना के दौरान किसी घर में ताला या अनुपस्थिति पाई जाती है, तो बी.एल.ओ. गणना प्रपत्र घर के भीतर डाल देंगे और भरा हुआ प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कम से कम तीन बार भ्रमण करेंगे। बी.एल.ओ. प्राप्त गणना प्रपत्र की एक प्रति आवश्यक दस्तावेजों सहित अपने पास रखेंगे तथा प्राप्ति पावती आवेदक को देंगे।

सौरभ भट्ट ने बताया कि घर-घर गणना के दौरान बी.एल.ओ. अपने साथ कम से कम 30 खाली फार्म-6 तथा घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) भी रखेंगे, ताकि नए मतदाता नामांकन के लिए आवेदन कर सकें। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मतदाता वर्ष 2003 के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की मतदाता सूची voters.eci.gov.in पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं।

# सनातन हिंदू जोड़ो यात्रा के लिए गाजियाबाद में अक्षत वितरण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के द्वारा सनातन हिंदू एकता के लिए 7 से 16 नवम्बर तक निकाली जाने वाली पदयात्रा के लिए गाजियाबाद में अक्षत वितरण का कार्यक्रम किया गया।

बागेश्वर धाम से पधारे पंडित रोहित रिछारिया व हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास ने सभी को निमंत्रण पत्र देकर अक्षत वितरण किया व पदयात्रा में शामिल होने की अपील की। बागेश्वर धाम का प्रतिनिधि मंडल विशेष रूप से गाजियाबाद में आध्यात्मिक गुरु नवनीतप्रिय दास को निमंत्रण देने के लिए उपस्थित हुआ था। कार्यक्रम को स्विस होटल में संपन्न किया गया जिसमें विशेष रूप से एसबीपी ग्रुप के विजय जिंदल, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, मुकेश गोयल, अनिल सांवरिया, आयुष त्यागी काकड़ा, सुरेश चंद्र गर्ग, मोतीलाल गुप्ता, अनिल गर्ग, सौरभ जायसवाल, आशीष, अशोक आदि सम्मिलित रहे।

## मास्टर सुनील कुमार शर्मा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में नामित सदस्य बने



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन सम्मान हेतु विशेष राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति में गाजियाबाद के समाजसेवी सुनील कुमार शर्मा 'मास्टर जी' को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति दिव्यांगजन हित में कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का चयन कर राज्य स्तर पर सम्मानित किए जाने की प्रक्रिया पूरी करेगी। शासन ने यह समिति दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत बनाई है, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजन कल्याण, सशक्तिकरण और प्रेरक कार्यों को प्रोत्साहित करना है। सुनील कुमार शर्मा 'मास्टर' ने कहा कि यह नियुक्ति उनके लिए गौरव और जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने कहा कि वे दिव्यांगजन हित में और अधिक समर्पित होकर कार्य करेंगे तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने एवं सहयोग की भावना विकसित करने का प्रयास जारी रखेंगे। यह नियुक्ति आपके वर्षों से किए जा रहे सामाजिक कार्यों, समर्पण और जनसेवा के प्रति आपकी निष्ठा का प्रतीक है। आपका अनुभव और नेतृत्व समाज में नई प्रेरणा का संचार करेगा।

## कांग्रेस की मासिक बैठक में बूथ और ब्लॉक लेवल पर तैयारी को लेकर की गई समीक्षा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेंट्रल मैं आयोजित मासिक बैठक में बूथ एवं ब्लॉक लेवल कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भारी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष और पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक में प्रभारी राजकुमार पंडित ने सभी विधानसभाओं की जानकारी ली। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डसना ने विधानसभा वार ली गई बूथ एवं ब्लॉक लेवल की कमेटियों की तैयारी का पूरा हवाला पेश किया।

कांग्रेस कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित ने कहा की सभी कार्यकर्ता कांग्रेस के सभी पदाधिकारी कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करें। और जितना समय अभी कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकताओं को मिल रहा है यह समय विरोधी पार्टियों को धूल चटाने के लिए तैयारी का बहुत महत्वपूर्ण समय है। सभी को ग्राउंड जीरो पर कार्य कर हफ्ते में सिर्फ दो से चार घंटे निकाल कर कार्य करेंगे तो इस सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य किया जा सकेगा। जिला अध्यक्ष ने बे मौसम बारिश के कारण जो फैसले बर्बाद हुई है उसके तहत जिला अधिकारी के माध्यम से मुआवजे की मांग की। उनकी क्षतिपूर्ति तत्काल प्रभाव से पूरी की जाए इस उपलक्ष में ज्ञापन दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉक और बूथ की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। संगठन प्रभारी ओम दत्त गुप्ता, कोषाध्यक्ष अश्वनी त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता, डॉली त्यागी, नसीम खान, अजय शर्मा, मेजर बाबू पंकज तिजानिया, सुरेंद्र कुमार शर्मा, नेम त्यागी, विजेंद्र शर्मा, हरिओम गुप्ता, मोहम्मद इरफान, रतिपाल शर्मा, ताहिर सैफी, सुधीर शर्मा, के आर श्रीवास्तव, डाक्टर बाबूराम आर्य, सतीश सीताराम प्रजापति, जगदीश सैनी, धीरेंद्र त्यागी, सुनील कुमार शर्मा, धीरेंद्र ध्यानी, लोकेंद्र, विश्वदीप त्यागी, राजकुमार सविता जैसवाल, रूबी मलिक सीमा नजमी मंजू शर्मा, दिवाकर, सविता गौतम, हरि कंसल, पंडित सुरेंद्र राठौड़ी, विनोद धाम राजकुमार शर्मा ब्रह्मदत्त दुबे उदय सिंह पाल, राजेंद्र शर्मा, हरीश कंसल, नीरज प्रजापति अजीत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता इस मासिक बैठक में उपस्थित रहे।

## लोनी तहसील के दोनों गेटों पर किसानों का ताला, जमकर नारेबाजी, धरने पर बैठे

### जन अधिकार प्रहरी संगठन और एंटी क्राइम एंटी करप्शन ऑल इंडिया ट्रस्ट ने दिया समर्थन




**गाजियाबाद, लोनी।** आवास विकास परिषद की मंडोला विहार योजना गाजियाबाद के खिलाफ योजना से प्रभावित किसानों को उनका अधिकार दिलाने के लिए भारतीय किसान यूनियन द्वारा अनिश्चित कालीन सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है। किसानों द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों द्वार लोनी तहसील तक पैदल मार्च निकालने का कार्यक्रम था। जिसके अनुसार धरना दे रहे किसानों ने सुबह आठ बजे ही परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय पर संपूर्ण तालाबंदी करने के बाद करीब 12 बजे पैदल यात्रा प्रारंभ की गई। तहसील पर पहुंचने के बाद उपजिलाअधिकारी को तहसील कार्यालय में न पाकर गुस्सा फूट पड़ा। जिसके चलते किसानों ने तहसील कार्यालय की संपूर्ण तालाबंदी कर दी। तहसीलदार लोनी किसानों के बीच पहुंचे और किसानों की मांगों के बारे में जानकारी लीं। किसानों के मांगपत्र के अनुसार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की मधुबन बापूधाम योजना में दिए गए मुआवजे और मंडोला विहार योजना से प्रभावित किसानों को दिए गए मुआवजे में तीन वर्ष के अंतर को महंगाई दर के हिसाब से बढ़ोतरी करके दिया जाए। किसानों को दिए जाने वाले भूखंड भी मधुबन बापूधाम योजना की तर्ज पर 10% बगैर कटौती के सभी किसानों को निशुल्क दिए जाए। आबादी क्षेत्र को अर्जन मुक्त किया जाए।, पंचायती प्लाट जो 1980 व 1981 में ग्राम पंचायत मंडोला द्वारा दिए गए थे। जिनको परिषद ने ध्वस्त करके अपने कब्जे में ले लिया। उनको सभी पात्रों को वापिस किया जाए। लोनी क्षेत्र में समस्याओं के अंबार के चलते किसानों की यात्रा को लोनी नगर पालिका क्षेत्र को लोगो का भारी समर्थन मिला। किसान रात में भी ताला बंदी के साथ तहसील प्रांगण में ही अनिश्चित काल तक रहेंगे। आज यात्रा में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन से बिल्लू प्रधान, यूनियन के संगठन मंत्री प्रवीण मालिक, टीनू चौधरी, सुनील बालियान, शमशेर राणा, मनवीर प्रधान, मंडोला धरने के संयोजक महेंद्र सिंह त्यागी, शहजाद, वरिष्ठ समाज सेवी चौधरी आबिद अली, नौशाद सिद्दीकी, मेहबां सिद्दीकी, सलीम मालिक, राजबीर त्यागी, चौधरी दिलबर, बॉबी त्यागी, राकेश त्यागी, लोकेंद्र त्यागी, सुरेश त्यागी, चौधरी दिलबर अली, चौधरी दीदार अली, एंटी क्राइम एंटी करप्शन ऑल इंडिया ट्रस्ट के प्रमुख निदेशक (चीफ) मौसम खान (वरिष्ठ पत्रकार) आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।




## लिस्ट से बनेंगे और बिगड़ेंगे कई कनेक्शन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लिस्ट को लेकर अभी एलर्ट मोड पर हैं। चाहे वो लखनऊ वाली लिस्ट का वेट हो रहा है तो किसी को लोकल लिस्ट का वेट चल रहा है। तो वहीं कई थाना प्रभारी और उनके सर्किल वाले अधिकारियों की नजर लखनऊ वाली लिस्ट पर भी बताई जा रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं की लिस्ट आने के बाद कई कनेक्शन बनेंगे तो कई कनेक्शन बिगड़ने की भी संभावना है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ वाली लिस्ट में गाजियाबाद के कुछ नाम रह सकते हैं। इसमें आईपीएस और पीपीएस शामिल बताए जा रहे हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि शहर, देहात और नदिया पार वाले जोन में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। सुनने में आ रहा है कि कमिश्नरेट से एक से दो आईपीएस बाहर जाने का मन बना रहे हैं। देखना होगा इस बार उनकी मुराद पूरी होती है या नहीं। वही लोकल सूत्रों से जानकारी मिली है कि जो लिस्ट पहले चार और पांच में आने की संभावना थी, वह शनिवार इतवार तक आ सकती है। बताया जा रहा है कि इस लिस्ट में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगभग आधा दर्जन बदलाव या परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। इसमें सिटी से लेकर नदिया पार और देहात के थाना प्रभारियों के नाम शामिल हैं। वहीं चर्चा इस बात की भी हो रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलग-अलग जोन में दो साल का समय पूरा करने वालों के लिए भी बदलाव वाला अलार्म इसी महीने बज सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से लिस्ट को लेकर चर्चा चल रही है, उससे कई ऐसे भी थ्री-स्टार हैं, जिनके बिगड़े कनेक्शन सुधरने वाले हैं। तो ट्रांस हिंडन के एक टू-स्टार पर भी नजर रह सकती है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लिस्ट इसी सप्ताह आने की प्रबल संभावना है। अब देखना होगा कि लिस्ट को फाइनल करने वाले अधिकारियों की मीटिंग और नामों पर सहमति कब तक हो पाती है। वैसे बीते लगभग दस दिनों के दौरान कई ऐसे समीकरण और प्रकरण हैं, जो लिस्ट में बड़ा फेरबदल की ओर इशारा भी कर रहे हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि बीते दिनों हुई मैराथन मीटिंग व फास्ट वीडियो कांफ्रेसिंग का भी असर लिस्ट में नजर आएगा।




## महाराणा प्रताप की मूर्ति के सामने डंपिंग ग्राउंड बनने पर भड़का करहेड़ा गांव, ग्रामीणों का जोरदार विरोध प्रदर्शन

### नगर निगम गाज़ियाबाद पर लापरवाही का आरोप, ग्रामीण बोले— 'वीरों का अपमान बर्दाश्त नहीं'



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** करहेड़ा गाँव में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के ठीक सामने नगर निगम द्वारा डंपिंग ग्राउंड बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। इसी के विरोध में आज करहेड़ा सेवा समिति (रजि०) के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और नगर निगम गाज़ियाबाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों का कहना है कि जहाँ पर वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित है, वहीं सामने गंदगी और कूड़े का अंबार लगाना न केवल अनादर है बल्कि गाँव के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा भी बन चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि हवा चलने पर डंपिंग ग्राउंड से उठने वाली बदबू और धूल पूरे गाँव में फैल जाती है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियाँ बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार प्रशासन को डंपिंग ग्राउंड को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए लिखा गया, मगर नगर निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रदर्शन में शिवचरण चौहान, यशपाल चौहान, विक्रम चौहान, रतन चौहान, देवेंद्र चौहान, राजबीर चौहान, संदीप चौहान, नरेंद्र निर्वाण, राणा चौहान, हिमांशु चौहान, मोहन जी और शिवम चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एच.आर.आई.टी. विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सब-जूनियर शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

### देशभर से पहुंचे युवा प्रतिभागी, 9 लाख रुपए की पुरस्कार राशि के साथ 11 राउंड का मुकाबला शुरू






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एच.आर.आई.टी. विश्वविद्यालय में 50वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर ओपन एवं 41वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर बालिका शतरंज प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हुआ। देशभर से आए सैकड़ों युवा प्रतिभागियों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्य अतिथि अभिनव गोपाल (मुख्य विकास अधिकारी, गाज़ियाबाद) ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शतरंज जैसी बौद्धिक प्रतियोगिताएं युवाओं में एकाग्रता और निर्णय क्षमता विकसित करती हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार है। विशिष्ट अतिथि मधु अवस्थी (जिला क्रीड़ा अधिकारी) ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं, जबकि उत्तर प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष ए.के. रायजादा ने कहा कि एच.आर.आई.टी. जैसे संस्थान शतरंज के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. अंजुल अग्रवाल (उपकुलाधिपति, एच.आर.आई.टी.) ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सीखने और आगे बढ़ने का अवसर हैं। यह प्रतियोगिता 2 नवंबर से 10 नवंबर तक चलेगी, जिसमें कुल 9 लाख रुपए की पुरस्कार राशि रखी गई है। ओपन और बालिका वर्ग में 20-20 पुरस्कार दिए जाएंगे। देश के 30 राज्यों से 364 ओपन वर्ग और 158 बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। शीर्ष खिलाड़ियों में इंटरनेशनल मास्टर गौतम कृष्णा (केरल) और वुमन फिडे मास्टर अर्शिया दास (त्रिपुरा) शामिल हैं।

### राउंड 2 के प्रमुख परिणाम बालिका वर्ग

- अर्शिया दास (त्रिपुरा) ने नविका जायसवाल (झारखंड) को हराया
- मुदिपल्ली दीक्षिता (आंध्र प्रदेश) और थांशिका जी (तमिलनाडु) के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा
- मुग्धा केओट (असम) ने निवेदिता वी सी (तमिलनाडु) को हराया
- प्रतीती बोडोलीई (कर्नाटक) ने सगनप्रिया वी (तमिलनाडु) को हराया
- समृद्धि तिवारी (उत्तर प्रदेश) और श्रव्यश्री भीमरसेट्टी (आंध्र प्रदेश) का मुकाबला ड्रॉ रहा

### राउंड 2 के प्रमुख परिणाम - ओपन वर्ग

- गौतम कृष्णा (केरल) ने ध्रुव गुप्ता (दिल्ली) को हराया
- आकाश जी (तमिलनाडु) ने अद्विक सिंह चौहान (हरियाणा) को हराया
- रोश जैन (दिल्ली) ने कीरुथिक मुरुगन (तमिलनाडु) को हराया
- विवान विशाल शाह (गुजरात) ने अयान त्रिखा (उत्तर प्रदेश) को हराया
- अर्नव अग्रवाल (उत्तर प्रदेश) ने तनमय तलिन बेहेरा (ओडिशा) को हराया




गाजियाबाद, करंट क्राइम। शहर के सैफी परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण है। पूर्व पार्षद नर्गिस जाकिर सैफी और पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी दादा-दादी बने हैं। उनके छोटे पुत्र मौ. नोमान सैफी की पत्नी ने एक पुत्र को जन्म दिया है। नवजात शिशु के आगमन से परिवार में अपार खुशी व्याप्त है। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने इस शुभ अवसर पर सैफी परिवार को बधाइयाँ दी हैं। खुशियों से भरी ये पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पुतिन-जिनपिंग में किससे निपटना ज्यादा मुश्किल

## ट्रंप ने दिया जवाब, बोले- मजाक में लेने की गलती न करें





**ट्रंप से पूछा गया कि पुतिन और जिनपिंग में से कौन ज्यादा कठिन नेता हैं, तो उन्होंने जवाब दिया दोनों ही सख्त और स्मार्ट लीडर हैं। ये ऐसे लोग हैं जिन्हें बहुत गंभीरता से लेना चाहिए, ये किसी हल्की बातचीत के लिए नहीं आते। ये गंभीर और दृढ़ संकल्प वाले नेता हैं।**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि दोनों ही नेता बेहद मजबूत, समझदार और गंभीर व्यक्तित्व के मालिक हैं, इनसे मजाक में पेश नहीं आया जा सकता।

### दोनों ही सख्त और स्मार्ट लीडर

एक चैनल को दिए इंटरव्यू में ट्रंप से पूछा गया कि पुतिन और जिनपिंग में से कौन ज्यादा कठिन नेता हैं, तो उन्होंने जवाब दिया दोनों ही सख्त और स्मार्ट लीडर हैं। ये ऐसे लोग हैं जिन्हें बहुत गंभीरता से लेना चाहिए, ये किसी हल्की बातचीत के लिए नहीं आते। ये गंभीर और दृढ़ संकल्प वाले नेता हैं।

### आठ युद्धों को रोकने का दावा

ट्रंप ने एक बार दावा किया कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान आठ युद्धों को खत्म किया। उन्होंने कहा नौवें महीने से पहले मैंने आठ युद्ध रोके। केवल रूस-यूक्रेन संघर्ष अब तक नहीं रुक पाया है, लेकिन वह भी जल्द होगा। मैं राष्ट्रपति पुतिन के साथ अच्छे संबंध रखता हूं, इसलिए मुझे लगा था यह सबसे आसान होगा।

उन्होंने आगे कहा हमारा देश फिर से सम्मानित हुआ है और यही वजह है कि मैं युद्ध रोक सका एक कारण व्यापार भी था।

**नौवें महीने से पहले मैंने आठ युद्ध रोके। केवल रूस-यूक्रेन संघर्ष अब तक नहीं रुक पाया है, लेकिन वह भी जल्द होगा**

### परमाणु निरस्त्रीकरण पर भी चर्चा

ट्रंप ने स्वीकार किया कि रूस और चीन दोनों के पास बड़ी मात्रा में परमाणु हथियारों का भंडार है। उन्होंने बताया कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से न्यूक्लियर डिन्यूक्लियराइजेशन (परमाणु निरस्त्रीकरण) पर बातचीत की है। उन्होंने कहा हमें परमाणु हथियारों के मुद्दे पर कुछ करना होगा। मैंने इस पर राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी दोनों से बात की है।

### परमाणु परीक्षण पर ट्रंप का बयान

ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की योजना पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा रूस और उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहे हैं। हम ही एकमात्र देश हैं जो ऐसा नहीं करते। हमें देखना होगा कि यह कैसे काम करता है। जब उनसे कहा गया कि रूस केवल मिसाइल सिस्टम का परीक्षण कर रहा है, तो ट्रंप ने जवाब दिया नहीं, रूस और चीन दोनों परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, बस उसके बारे में खुलकर नहीं बताते।

# विनाशकारी बाढ़ से निपटने में लापरवाही पर वैलेंसिया के क्षेत्रीय नेता ने दिया इस्तीफा




**नई दिल्ली।** स्पेन के वैलेंसिया क्षेत्र के नेता कार्लोस माजोन ने सोमवार को पिछले साल आई भीषण फ्लैश फ्लड (अचानक आई बाढ़) से निपटने में अपनी सरकार की नाकामी के कारण इस्तीफा दे दिया। इन बाढ़ों में 229 लोगों की मौत हुई थी और माजोन की भूमिका को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। माजोन को 29 अक्तूबर 2024 की बाढ़ के बाद से ही पद छोड़ने की मांगों का सामना करना पड़ रहा था। हाल ही में आपदा की पहली बरसी पर आयोजित एक राज्य स्तरीय स्मृति समारोह में पीड़ित परिवारों ने कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही उनके खिलाफ नारेबाजी की थी।

# रूसी हमलों के बीच यूक्रेन को मिला पैट्रियट डिफेंस सिस्टम, जेलेंस्की बोले- अब कई शहर होंगे सुरक्षित

**कीव।** यूक्रेन को अमेरिका निर्मित पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप मिल गई है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि ये सिस्टम देशभर में रूस के लगातार हो रहे हवाई हमलों से नागरिकों और अहम ढांचों की सुरक्षा में मदद करेंगे। रविवार देर रात जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की। यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है।

पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका की सबसे आधुनिक मिसाइल रोधी तकनीक है, जो रूस के घातक हमलों को रोकने में सक्षम है। जेलेंस्की लंबे समय से पश्चिमी देशों से इस सिस्टम की मांग कर रहे थे, लेकिन उत्पादन सीमाओं और देशों की अपनी सैन्य जरूरतों के कारण इसकी आपूर्ति



में देरी हो रही थी। अब इन सिस्टमों को तैनात कर दिया गया है ताकि प्रमुख शहरों और ऊर्जा संरचनाओं की सुरक्षा बढ़ाई जा सके।

### जर्मनी से मिली मदद

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जर्मनी और उसके चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का धन्यवाद करते हुए कहा कि जर्मनी ने तीन महीने पहले यूक्रेन को दो अतिरिक्त पैट्रियट सिस्टम देने का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया गया है। जर्मनी को अमेरिका से आश्वासन मिला है कि उसकी सैन्य जरूरतों के लिए नए पैट्रियट सिस्टम की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। यह डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्मित होते हैं।

### रूस के नए हमले

इस बीच, रूस ने रविवार से सोमवार की रात तक 12 मिसाइलें और 138 ड्रोन यूक्रेन पर दागे। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, कई मिसाइलें नष्ट की गईं, लेकिन कुछ ने तबाही मचाई। उत्तरपूर्वी सूमी क्षेत्र में एक घर पर रूसी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह ग्रिगोरोव ने कहा कि रूस ने जानबूझकर रात में सो रहे लोगों को निशाना बनाया।

### कई क्षेत्रों में नुकसान

मध्य यूक्रेन के डनिप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले से एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लग गई, जिससे एक व्यक्ति घायल हुआ। दक्षिणी माईकोलाइव क्षेत्र में भी रूसी ड्रोन ने ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचाया। नाटो लगातार यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई का समन्वय कर रहा है, जबकि यूरोपीय देश और कनाडा अमेरिकी हथियारों की खरीद कर मदद पहुंचा रहे हैं। मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यूक्रेन को हथियार न देने का फैसला किया है, जबकि पिछली बाइडन सरकार लगातार सैन्य सहायता देती रही थी।

# नेपाल में प्रचंड की पार्टी समेत सात वाम दलों ने किया 18 सूत्रीय समझौता

**काठमांडू।** नेपाल में राजनीतिक हलचल के बीच एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। पूर्व पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी सेंटर) समेत सात वामपंथी दलों ने एक 18 सूत्रीय एकता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रविवार देर रात काठमांडो में हुए इस समझौते से देश में एक एकीकृत कम्युनिस्ट पार्टी के गठन का रास्ता साफ हो गया है। समझौते के अनुसार, नई पार्टी की विचारधारा मार्क्सवाद-लेनिनवाद पर आधारित होगी और उसका मुख्य उद्देश्य समाजवाद की दिशा में आगे बढ़ना होगा। समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले दलों में सीपीएन (माओवादी सेंटर), सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट), नेपाल सोशलिस्ट पार्टी, सीपीएन (सोशलिस्ट), जन समाजवादी पार्टी, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-समाजवादी) व सीपीएन (साम्यवादी) शामिल हैं।

# सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही उड़ान की मंगोलिया में इमरजेंसी लैंडिंग



**वॉशिंगटन।** एअर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आने वाली फ्लाइट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी का संदेह हुआ। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए विमान को मंगोलिया की राजधानी उलानबातर में सुरक्षित उतारा। एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं तथा विमान की तकनीकी जांच की जा रही है।

एअर इंडिया की उड़ान संख्या अक्171 ने दो नवंबर को सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान कोलकाता होते हुए दिल्ली पहुंचने वाला था, लेकिन रास्ते में तकनीकी समस्या की आशंका के चलते पायलट ने सावधानी बरतते हुए उसे मंगोलिया में उतारने का निर्णय लिया। एक फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार यह एक बोइंग 777 विमान था। एयरलाइन ने कहा कि जांच के लिए विमान को फिलहाल उलानबातर एयरपोर्ट पर रखा गया है।

### यात्रियों की सुरक्षा और प्रबंधन

एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान के लैंड करते ही सभी यात्रियों को पूरी सुरक्षा के साथ उतारा गया। एयरलाइन ने यात्रियों के भोजन और ठहरने की व्यवस्था की है। तकनीकी टीम मौके पर मौजूद है और विमान की विस्तृत जांच कर रही है ताकि समस्या का सटीक कारण पता लगाया जा सके। प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

### एअर इंडिया का आधिकारिक बयान

एअर इंडिया ने अपने बयान में कहा कि अक्174 फ्लाइट के पायलटों ने उड़ान के दौरान संभावित तकनीकी मुद्दे की पहचान की और सुरक्षा के मद्देनजर मंगोलिया की राजधानी उलानबातर में लैंडिंग का निर्णय लिया। एयरलाइन ने यह भी जोड़ा कि इस दौरान किसी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

# मैक्सिको के मेयर को सरेआम गोलियों से भूना




**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के पश्चिमी राज्य मिचोकान के एक मेयर को सरेआम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। मेयर कार्लोस अल्बर्टो मैंजो रोड्रिगेज की हत्या मैक्सिको के डे ऑफ डेड उत्सव के दौरान एक कार्यक्रम में हुई, जब वह लोगों की एक भीड़ को संबोधित कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें सात गोलियां मारी गईं। कार्लोस अल्बर्टो मैंजो रोड्रिगेज उरुपन शहर के मेयर थे। पुलिस ने बताया कि घटना के तुरंत बाद मेयर को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**हमलावर भी मौके पर ही ढेर**

राज्य अभियोजक कार्लोस टोरेस पिना ने बताया कि घटना शनिवार रात घटी।

गोलीबारी में सिटी काउंसिल सदस्य और बॉडीगार्ड भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि हमलावर को भी मौके पर ही ढेर कर दिया गया। हमलावर की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। संघीय सुरक्षा मंत्री ओमर गार्सिया हरफूच ने बताया कि जिस हथियार से मेयर को गोली मारी गई, वह क्षेत्र में संचालित होने वाले दो अपराध संगठनों से संबंधित है। मैक्सिको में राजनीति और संगठित अपराध हिंसा के चलते अक्सर राजनेताओं पर हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

# वियतनाम में बाढ़ से 37 की मौत

**वियतनाम।** वियतनाम के मध्य इलाकों में हो रही लगातार बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। इसके कारण अब तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

इस बीच एक और तूफान 'कलमागी' के आने की चेतावनी ने हालात और खराब कर दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अक्तूबर के अंतिम सप्ताह से जारी रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण अचानक बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। साथ ही लगातार भूस्खलन भी हो रहा है।

इसके चलते कई गांव जलमग्न हो गए, घर बह गए और कई हजार लोग विस्थापित हो गए हैं।

राजधानी दनांग समेत कई क्षेत्रों में बिजली और डेटा नेटवर्क ठप हैं। कई राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हैं, जबकि नहरों, नदी किनारों और तटीय इलाकों में कटाव और धंसान की घटनाएं बढ़ गई हैं।

# शेख हसीना के बहाने भगोड़े जाकिर को बचाने में जुटा बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बहाने देश का विदेश मंत्रालय भगोड़े जाकिर नाईक को बचाने में जुट गया है। विदेश मंत्रालय ने हसीना की तरफ इशारा करते हुए कहा कि किसी भी देश को भगोड़े को शरण नहीं देनी चाहिए। जानिए क्या है पूरा मामला

बांग्लादेश के राजनीतिक हालात ठीक नहीं हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में मिली शरण का बहाना लेकर बांग्लादेश भारत के दुश्मन जाकिर नाईक को बचाने में जुट गया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि किसी भी राष्ट्र को दूसरे देश के भगोड़े को शरण नहीं देनी चाहिए। प्रवक्ता ने यह प्रतिक्रिया भारत में भगोड़ा घोषित विवादित मौलाना जाकिर नाईक के



बांग्लादेश में प्रस्तावित कार्यक्रम पर भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से चिंता जताए जाने पर दी।

**भगोड़े व्यक्ति को शरण नहीं देनी चाहिए**

बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एसएम महबूबुल आलम ने कहा, हमने भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की किसी धार्मिक उपदेशक की बांग्लादेश यात्रा की संभावना के बारे में की गई टिप्पणी पर ध्यान दिया है। हमारा यह भी मानना है कि भारत समेत किसी भी देश को किसी भी अन्य देश के आरोपी या भगोड़े व्यक्ति को शरण नहीं देनी चाहिए।

**विवादित मौलाना जाकिर नाईक को बांग्लादेश लाने के संकेत**

आलम का इशारा बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की तरफ था, जिन्होंने भारत में शरण ले रखी है। अदालत ने उन्हें फरार घोषित कर रखा है। स्पार्क इवेंट मैनेजमेंट नामक एक कंपनी ने हाल ही में एक फेसबुक पोस्ट में कहा था कि वह विवादित मौलाना जाकिर नाईक को बांग्लादेश लाएगी।

**बांग्लादेश यात्रा 28 नवंबर से 20 दिसंबर तक**

मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने जाकिर की एक महीने की यात्रा को मंजूरी दी है। उसकी बांग्लादेश यात्रा 28 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगी।

# अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ में 6.3 तीव्रता का भूकंप

**कम से कम 20 लोगों की मौत, 300 से अधिक घायल**

**काबुल।** अफगानिस्तान में सोमवार सुबह 6.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि 250 से ज्यादा घायल हुए है। बताया गया है कि भूकंप ने बल्ख प्रांत की राजधानी मजार-ए-शरीफ शहर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा समंगन प्रांत में भी भारी नुकसान हुआ है।

अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, यह भूकंप मजार-ए-शरीफ के पास 28 किलोमीटर गहराई में आया। इस शहर की आबादी लगभग 5.23 लाख है समनगान प्रांत के स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता समीम जॉयंदा ने बताया कि मृतकों और घायलों के आंकड़े सोमवार सुबह तक मिली अस्पताल की रिपोर्ट्स पर आधारित हैं।

यूएसजीएस ने अपनी पेजर प्रणाली के तहत ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि काफी जनहानि की संभावना है और आपदा व्यापक हो सकती है। इस स्तर के अलर्ट आम तौर पर क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर की प्रतिक्रिया की मांग करते हैं।

बल्ख प्रांत के प्रवक्ता हाजी जैद ने बताया कि मजार-ए-शरीफ की प्रसिद्ध नीली मस्जिद (ब्लू मस्जिद) का एक हिस्सा भी भूकंप में क्षतिग्रस्त हुआ है। देश की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि हताहतों और नुकसान का विस्तृत ब्यौरा बाद में साझा किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए वीडियो में राहतकर्मियों को मलबे में दबे लोगों को निकालते देखा गया। अफगानिस्तान में अगस्त में आए भूकंप और उसके बाद के झटकों में हजारों लोगों की जान चली गई थी। भूकंप के लिहाज से देश काफी संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है।

# पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर रोक, अमेरिकी जज ने फिर लगाई ट्रंप प्रशासन को फटकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की ओरेगन की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने से रोक दिया है। कोर्ट ने कहा कि शहर में स्थिति नियंत्रण से बाहर होने का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं मिला है। यह आदेश अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इम्मरगट ने दिया, जो खुद राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नियुक्त जज हैं। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि संघीय कानून के तहत सेना की घरेलू तैनाती के लिए जरूरी शर्तें इस मामले में पूरी नहीं होतीं।

कोर्ट ने बताया कि ट्रंप प्रशासन ने यह कदम इस साल की शुरूआत में तब उठाया था जब पोर्टलैंड और अन्य शहरों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ऑफिस के बाहर प्रदर्शन हो रहे थे। राज्य सरकार और शहर प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ सितंबर में अदालत का दरवाजा खटखटाया था।



**तीन दिन चली सुनवाई के बाद आया फैसला**

अब जज इम्मरगट ने कहा कि कोर्ट को ऐसा कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं मिला जिससे यह साबित हो सके कि हालात बेकाबू थे। यह फैसला तीन दिन चली सुनवाई के बाद आया, जिसमें दोनों पक्षों ने 750 से अधिक साक्ष्य अदालत में पेश किए। अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी। यह मामला अमेरिका के कई शहरों में ट्रंप प्रशासन द्वारा विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए नेशनल गार्ड की तैनाती से जुड़ी कानूनी खींचतान का हिस्सा है।

**अमेरिका की ओरेगन कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने से रोक दिया है। कोर्ट ने कहा कि शहर में हालात नियंत्रण से बाहर होने का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं मिला।**

**क्या है पूरा मामला ?**

बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने कहा था कि वह 200 नेशनल गार्ड जवानों को 60 दिनों के लिए संघीय नियंत्रण में लेकर पोर्टलैंड में भेजेगा ताकि संघीय संपत्तियों की रक्षा की जा सके। यह निर्णय तब लिया गया जब राष्ट्रपति ट्रंप ने शहर को 'युद्धग्रस्त' बताया था। ओरेगन के अधिकारियों ने इस बयान को हास्यास्पद बताया और कहा कि शहर को किसी सैन्य हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पोर्टलैंड में हाल के विरोध प्रदर्शन सिर्फ एक ब्लॉक के क्षेत्र तक सीमित थे और उनमें कुछ ही दर्जन लोग शामिल होते थे। इस पर अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति का आदेश संविधान और उस संघीय कानून का उल्लंघन है, जो सामान्य परिस्थितियों में सेना को घरेलू कानून लागू करने से रोकता है।

**अन्य शहरों में भी ट्रंप के फैसले पर विवाद**

ट्रंप ने कई अन्य डेमोक्रेट-शासित शहरों, जैसे लॉस एंजेलिस, वॉशिंगटन, शिकागो और मेम्फिस, में भी सैनिक भेजने या भेजने की धमकी दी थी। पिछले महीने एक अन्य अदालत ने लॉस एंजेलिस में ट्रंप की तरफ से तैनात 4700 सैनिकों और मरीन की तैनाती को गैरकानूनी बताया, हालांकि 300 सैनिकों को सीमित भूमिका में बने रहने की अनुमति दी गई थी, बशर्ते वे नागरिक कानून लागू न करें।

# ट्रंप का दावा- पाकिस्तान कर रहा परमाणु हथियारों का परीक्षण! इन देशों में भी टेस्टिंग की बात कही

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है जो सक्रिय रूप से परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों की यही प्रवृत्ति दर्शाती है कि अमेरिका के लिए भी अपने परमाणु परीक्षण को फिर से शुरू करना जरूरी हो गया है।

सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 60 मिनट्स को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका ही एकमात्र देश है जिसने परीक्षण रोक रखे हैं। ट्रंप ने कहा, ह्लरूस परीक्षण कर रहा है, चीन भी कर रहा है, लेकिन वे इसके बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, इसलिए हम बात करते हैं। जब बाकी देश परीक्षण कर रहे हैं, तो हमें भी करना होगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है और पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। हम



परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण कर रहे हैं और अन्य भी कर रहे हैं। गौरतलब है कि रूस ने हाल में उन्नत परमाणु-सक्षम हथियारों और तकनीकों का परीक्षण किया है। इनमें पोसाइडन अंडरवॉटर ड्रोन शामिल है। इसी को लेकर जब ट्रंप से पूछा गया कि अमेरिका की तरफ से तीन दशक से ज्यादा समय बाद परमाणु परीक्षण फिर शुरू करने के फैसले को लेकर पूछा गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ह्लआपको यह देखना होगा कि ये हथियार कैसे काम करते हैं। रूस ने एलान किया है की कि वे परीक्षण करने जा रहे हैं। उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है, अन्य देश भी कर रहे हैं। हम ही एकमात्र देश हैं जो नहीं कर रहे, और मैं नहीं चाहता कि ऐसा रहे।ह्व उन्होंने कहा कि अमेरिका बाकी देशों की तरह परमाणु हथियारों का परीक्षण करेगा।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास किसी भी देश से अधिक परमाणु हथियार हैं और उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से परमाणु हथियार कम करने पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा, ह्लहमारे पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने जितने परमाणु हथियार हैं।

**चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात से पहले ट्रंप ने किया था परमाणु परीक्षण शुरू करने का एलान**

बता दें कि बीते हफ्ते ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु हथियार परीक्षण को तत्काल फिर शुरू करने का एलान किया था। ट्रंप की तरफ से यह घोषणा उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दक्षिण कोरिया में होने वाली मुलाकात से ठीक पहले आई थी। इसके बाद से ही माना जा रहा है कि अमेरिका का आने वाले समय में रूस और चीन जैसी परमाणु शक्तियों से तनाव बढ़ सकता है। ट्रंप ने यह भी बताया कि परीक्षण के लिए तैयारियां पहले से जारी हैं, हालांकि उन्होंने समय या जगह का खुलासा नहीं किया।

# समाजसेवी रामअवतार जिंदल की सुपौत्री के नामकरण समारोह में पहुंचे गणमान्य



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजसेवी डॉ रामअवतार जिंदल की सुपौत्री के नामकरण समारोह के अवसर पर समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने नन्ही बालिका को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बच्ची के पिता शिवम और मम्मी तन्वी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। नाना रामनिवास बंसल और नानी ज्योति बंसल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# महापौर सुनीता दयाल ने दी 7 करोड़ 21 लाख के विकास कार्यों की सौगात

## मोहन नगर व कविनगर जोन में नारियल फोड़कर किया शुभारंभ, बोलीं: 'हर वार्ड में दिखेगा विकास'



### मुख्य विकास कार्य

- **वार्ड 52, कोट गाँव** : चौधरी मोड़ से कोट गाँव फाटक तक सड़क निर्माण – 82 लाख रुपए।
- **वार्ड 42, मानसरोवर पार्क कॉलोनी** : क्रिसेंट चौक से हंसराज मार्केट तक सड़क – 2.21 करोड़ रुपए।
- **वार्ड 10, मोहन नगर** : वजीराबाद रोड से ताहिरपुर रोड तक इंटरलॉकिंग टाइल्स व सौंदर्यकरण – 67 लाख रुपए।
- **वार्ड 20, भोपुरा** : सोम बाजार रोड का पुनर्निर्माण – 84 लाख रुपए।
- **वार्ड 82, जवाहर पार्क** : बंगाली होटल से मंसूरी चौक तक मुख्य सड़क – 2.67 करोड़ रुपए।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने सोमवार को शहरवासियों को 7 करोड़ 21 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने मोहन नगर और कविनगर जोन में नारियल फोड़कर विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि शहर के हर हिस्से में विकास समान रूप से हो रहा है। 'हम किसी क्षेत्र या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते। जहाँ हिंदू हैं, वहाँ भी और जहाँ मुस्लिम हैं, वहाँ भी विकास कार्य हो रहे हैं। सब गाज़ियाबाद के नागरिक हैं और सबको समान सुविधाएँ देना हमारी जिम्मेदारी है।' शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और पार्षदों ने भाग लिया। महापौर ने स्वयं जनता को प्रसाद वितरण कर शुभकामनाएँ दीं।





**कार्यक्रम में उपस्थित रहे** : पूर्व पार्षद सरदार सिंह भाटी, पार्षद अभिषेक चौधरी, प्रमोश यादव, रेखा गोस्वामी, यशपाल पहलवान, किरण राघव, रवि भाटी, कालीचरन पहलवान, राजेश पहलवान, मुकेश भाटी, सोनू पंडित, के.के. शर्मा, दीप्ति अरोड़ा, मनोज खुराना समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# गाजियाबाद में नार्को नेटवर्क पर सख्त निगरानी

## एडीएम सौरभ भट्ट बोले, 'नशा मुक्त जनपद हमारा लक्ष्य'



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की अहम बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने की। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और ड्रग नेटवर्क पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए विभागों को कड़े निर्देश दिए गए।

एडीएम सौरभ भट्ट ने साफ शब्दों में कहा, 'नशा मुक्त जनपद बनाना हमारी प्राथमिकता है। जो भी अधिकारी अपने दायित्वों में लापरवाही करेगा, उस पर भी कार्रवाई होगी।' उन्होंने कहा कि जनपद की अंतरराज्यीय सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई जाए, इंटेलिजेंस सिस्टम को मजबूत किया जाए और हर विभाग एकजुट होकर इस मुहिम को अभियान का रूप दे।



- **स्कूलों से स्टेशनों तक चलेगा नशा विरोधी अभियान, मादक पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसने की तैयारी**




### स्कूलों से शुरू होगी जागरूकता की नई मुहिम

**करंट क्राइम।** एडीएम ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि विद्यालयों में नशा विरोधी कार्यक्रम चलाए जाएँ –वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं के जरिए विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाई जाए। साथ ही स्कूलों के आसपास गुटखा और सिगरेट की बिक्री पर सख्त पाबंदी लगाने के आदेश दिए गए।

### स्टेशन और बस अड्डों पर बढ़ेगी निगरानी

**करंट क्राइम।** जीआरपी, आरटीओ और परिवहन विभाग को निर्देश दिए गए कि रेलवे स्टेशन और बस स्टेशनों पर नार्को तस्करों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। मादक पदार्थों के साथ पकड़े जाने वालों पर त्वरित कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**मेडिकल स्टोर्स पर भी सख्ती** : ड्रग इंस्पेक्टर को आदेश दिया गया कि सभी मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी दुकान बिना लाइसेंस के नार्कोटिक दवाएं न बेच रही हो। ऐसे स्टोर्स पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**बैठक में उपस्थित विभाग** : स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, नार्कोटिक्स सेल, खाद्य विभाग, समाज कल्याण, डीपीओ, शिक्षा, वन, यातायात विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने पूछी नदिया पार के सौंफ वाले शर्मा जी से नामित बनने की चाहत? हमें नहीं पता था कि वो इस सवाल से लेंगे राहत? उन्होंने दे दिया स्पष्ट संदेश? कहा अब समय ही कितना बचा है जो नामित बनना चाहेगा हमारा फेस? हम तो जैसे हैं वैसे ही हैं ठीक? फिलहाल तो हमें नहीं जाना इस पद के नजदीक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैम्बर सौलंकी इस वक्त लगा रहे हैं उपाध्यक्ष बनने के लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली तक के जोर? वो इस मामले में नहीं कराना चाहते हैं खुद को इग्नोर? कहने वाले ने कहा हम उनको बता रहे हैं अंदर की बात? एक शख्स ऐसा है जो पूरा कर सकता है उनका ये ख्वाब? बस गाजियाबाद के चौधरी के पास जाकर उनको रखना है हाल–ए–दिल? सच बता रहा हूं अगर चौधरी साहब ने लगा दी ओके की रिपोर्ट? तो भगवा सौलंकी को आसानी से जायेगा उपाध्यक्ष वाला पद मिल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये तो नहीं है भगवागढ़ की राजनीति का प्रचलन? जब हमने नदिया पार की ब्लैक स्कॉरपियो में हूटर बजते हुए देखा? तो हो गई हमको गाड़ी वाले से जलन? एक मंडल के महानमंत्री ने कुछ ऐसा ही किया हुआ है अपनी गाड़ी का किरदार? हमें पता है ये मामला अगर भगवा योद्धा के पास पहुंचा? तो वो इसको बिल्कुल भी नहीं करेंगे स्वीकार? इसलिए हम चाहते हैं कि महानमंत्री खुद ही हटा दें ये हूटर? इससे अच्छा तो वो कार्यकर्ता है जो सादगी में चलाता है स्कूटर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बता रहे हैं आपको पूर्व वाले वाईस भगवा कमिश्नर शर्मा जी की बात? जब पूरे धीरज से किसी को टिकट दिया गया था? तब एक आश्वासन रखा गया था शर्मा जी के हाथ? कहने वालो ने कहा था आप इनका सहयोग करो? आपकी नामित वाली इच्छा करेंगे हम पूरी? मगर अभी तक फली नहीं फूटी है? इस बात को लेकर शर्मा जी हैं नाराज? सुना है उन्होंने कर लिया है तय, कि आने वाले समय में वो 81 नंबर के साथ–साथ 98 नंबर से भी लड़ेंगे चुनाव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अपने घर के फंक्शन वाले कार्यक्रम में भगवा सिंघल जी ने करा दिया भगवा कमांडर के प्रति अपनी मोहब्बत का एहसास? जब उनसे किसी ने पूछा कि भगवा कमांडर को आप कितना चाहते हो? तो उन्होंने कहा ये तो अपनी मोहब्बत से हम को ऊपर से लेकर नीचे तक खरीद चुके हैं साहब? कहने वाले ने कहा जब जिंदल जी प्रकट कर रहे थे ये विचार? तब उनकी बैठक में भगवा योद्धा ले रहे थे आचार्य जी की शरण में अल्प आहार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फिर कुछ देर बाद आचार्य जी ने बाहर रखा कदम? यहां पर हुई उनकी भगवा कमांडर से मुलाकात? देखकर भगवा कमांडर को आ गई आचार्य जी के चेहरे पर मुस्कुराहट? उन्होंने तुरंत रख दिये कमांडर के सर पर अपने दोनों हाथ? कहा हमें बहुत अच्छी लगती है आपकी सादगी? इस सादगी को रखना हमेशा अपने साथ? ये शब्द सुनकर भगवा कमांडर के चेहरे की देखते ही बन रही थी मुस्कुराहट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भूमाफिया वाली लिस्ट पर लाईन पार के एक भगवा कमिश्नर इस वक्त आ गये हैं नगर निगम के निशाने पर? कहने वाले ने कहा पूरी मजबूत रिपोर्ट निकाल कर मजबूत चेहरे उन्हें लगाना चाहते हैं ठिकाने पर? निगम के गलियारों से निकल कर आ रहा है ये पैगाम? उनके प्रिय जनप्रतिनिधि भी कार्यवाही के दौरान नहीं दिला पायेंगे उनको आराम? कहने वाले ने कहा समझ जायें समझने वाले कि मामला कहां से चल रहा है नाराज? पहले यादव जी पर गिरी थी, अब इन पर गिरने वाली है गाज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था एक वैश्य नेता के निक? वैश्य नेता बोल रहे थे कि कपड़े का कारोबार करने वाले एक नेता पक्का मान चुके हैं अपना विधानसभा का टिकट? हम अपने आप से नहीं कह रहे बल्कि कपड़े के बड़े कारोबारी इन नेता जी ने ही कही है हमसे ये बात? दे दिया आश्वासन कि आप तैयारी रखो टिकट हर सूरत में आना है हमारे हाथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम गये थे कमिश्नर साहब के दीपावली मिलन कार्यक्रम में? वहां पर हुए हमें समाजसेवी अजय गुप्ता जी के भी दीदार? हम उनकी उपस्थिति को देखकर हैरान थे? क्योंकि इस कार्यक्रम में केवल पत्रकारों को न्यौता गया था यार? फिर जब हमने गुप्ता जी की मौजूदगी को लेकर खाकी वालों से की बात? उन्होंने दिया संदेश गुप्ता जी यहां पर इसलिए हैं क्योंकि उनका व्यवहार है हमसे खास? वो पुलिस वालों की हर मुहिम में करते हैं सहयोग? ऐसे में जब हमारी दावत देने की बारी आई है? तो हम क्यों दिखायें उनसे दूरियों वाला योग?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात भगवा योद्धा के चाहने वाले के दिल से ही निकल कर बाहर आई? वो बोले हम तो क्या अच्छे अच्छे भी नहीं खोज पा रहे हैं इनके अंदर की गहराई? जनप्रतिनिधियों से लेकर पार्टी के बड़े बड़े नेता इनके अगले कदम को नहीं पा रहे हैं भांप? ये क्या करेंगे कुछ समझ नहीं आ रहा साहब? यूं तो हमने लाख नेता देखे हैं, इन सा नहीं देखा साहब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त : चार हफ्ते में बंदरों पर नियंत्रण की कार्ययोजना तैयार करे यूपी सरकार

- **राज्य को पशु कल्याण बोर्ड से परामर्श का निर्देश, गाज़ियाबाद के सामाजिक कार्यकर्ता विनीत शर्मा की याचिका पर सुनवाई**







**गाज़ियाबाद / प्रयागराज, करंट क्राइम।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बंदरों की बढ़ती संख्या और उनसे हो रही घटनाओं पर सख़्त रुख अपनाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को चार सप्ताह में ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। अदालत ने साफ कहा कि यह मुद्दा अब 'विलंब नहीं, प्राथमिकता' का है। यह मामला गाज़ियाबाद निवासी भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता विनीत शर्मा तथा बी.टेक छात्रा प्राजक्ता सिंघल द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं ने बंदरों के बढ़ते उत्पात, दुर्घटनाओं और भूखमरी के मुद्दे को उठाया था। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार हर बार जिम्मेदारी टाल रही है, जबकि आम जनता लगातार बंदरों के हमलों और दुर्घटनाओं का सामना कर रही है। विनीत शर्मा की ओर से अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ और पवन तिवारी ने विस्तृत अस्थायी कार्ययोजना अदालत में पेश की, जिसमें पुनर्वास केंद्र, भोजन व्यवस्था, रेस्क्यू वैन और हेल्पलाइन पोर्टल जैसे ठोस सुझाव शामिल थे।

अदालत ने यूपी सरकार को निर्देश दिया कि वह पशु कल्याण बोर्ड ऑफ इंडिया (अहइक) और राज्य पशु कल्याण बोर्ड से परामर्श लेकर योजना बनाए ताकि बंदरों के प्रति किसी प्रकार की क्रूरता न हो। गाज़ियाबाद, मोदीनगर, मुरादनगर और लोनी जैसे इलाकों में बंदरों के उत्पात से लोग परेशान हैं। कोर्ट के इस आदेश के बाद उम्मीद है कि अब सरकार इस दिशा

# गाजियाबाद के उद्योगपति व क्रिकेटर राकेश मिश्रा को यूपी क्रिकेट एसोसिएशन का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर किया सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के जाने-माने उद्योगपति और क्रिकेटर राकेश मिश्रा को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर आज उनके निवास पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता वीरेंद्र सारस्वत (अध्यक्ष, सहकारी क्रय-विक्रय समिति), अमरीश त्यागी (महामंत्री, आरआरडब्ल्यू राजनगर), राजीव त्यागी (नवादा), उपाध्यक्ष त्यागी ब्राह्मण समाज, डी.के. गोयल (अध्यक्ष, आरआरडब्ल्यू राजनगर), प्रभाकर त्यागी (कोषाध्यक्ष, आरआरडब्ल्यू राजनगर) और बी.के. चित्तौड़िया (एडवोकेट) उपस्थित रहे।

सभी ने राकेश मिश्रा को गुलदस्ता, माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के विश्व विजेता बनने पर भी उन्हें बधाई दी और भारतीय क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और खेलप्रेमियों ने भी राकेश मिश्रा के प्रति अपनी शुभेच्छा व्यक्त की और कहा कि उनका चयन गाज़ियाबाद के खेल जगत के लिए गौरव की बात है।

# एआई का दुरुपयोग: कांग्रेस नेत्री की अश्लील फोटो बनाकर वायरल, केस दर्ज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में एआई तकनीक का दुरुपयोग करते हुए कांग्रेस की एक महिला नेत्री की अश्लील फोटो तैयार कर सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, महिला नेता ने पुलिस कमिश्नर को पत्र देकर आरोप लगाया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से उनकी तस्वीरों में छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो तैयार की गई और उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। उन्होंने इस साजिश में पार्टी के ही चार नेताओं के नाम लिए हैं। नगर कोतवाली पुलिस ने आईटी एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस साइबर जांच के जरिये फोटो बनाने और वायरल करने वाले नेटवर्क की पहचान में जुटी है।

# चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।